NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विज़डम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 276 लखनऊ, मंगलवार 21 मई 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बंगाल में बोले पीएम मोदी– इंडी गठबंधन के बिखरने का काउंटडाउन शुरू हो चुका



एजेंसींनई दिल्ली एक ओर केंद्र में मोदी की रिपोर्ट कार्ड सरकार है, दूसरी ओर बंगाल में टीएमसी की श्रेट कार्डश सरकार है। टीएमसी ने बंगाल में हर नौकरी का रेट कार्ड लगा रखा है। पैसा दो... नौकरी लो! मैंने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शहजादे का एक वीडियो देखा है। 11–12 साल पुराने इस वीडियो में कांग्रेस के शहजादे खुलेआम कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा टीएमसी से बंगाल के लोगों को और बंगाल की पहचान को भी खतरा है। बंगाल में दंगे आम बात हो गई है। आदिवासी भाई बहनों की पहचान खत्म करने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन टीएमसी को अपने वोट बैंक की चिंता है। ये लोग घुसपैठियों को बुला बुलाकर बसा रहे हैं। प्रधा नमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हार सामने देख टीएमसी का आक्रोश चरम पर है। कल तक टीएमसी कांग्रेस को गाली दे रही थी और आज कह रहे हैं कि हम इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन बंगाल के लोग जानते हैं कि कांग्रेस डूब चुका जहाज है। एक ओर केंद्र में मोदी की रिपोर्ट कार्ड सरकार है, दूसरी ओर बंगाल में टीएमसी की श्रेट कार्डश सरकार है। टीएमसी ने बंगाल में हर नौकरी का रेट कार्ड लगा रखा है। पैसा दो... नौकरी लो! मैंने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शहजादे का एक वीडियो देखा है। 11–12 साल पुराने इस वीडियो में कांग्रेस के शहजादे खुलेआम कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देगी। यही कांग्रेस की सच्चाई है, जिसे कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम ने बरसों तक देशवासियों के सामने नहीं आने दिया। आज पांचवें चरण का मतदान लगभग पूरा होने को है। बंगाल में टीएमसी और पूरे देश में इंडी गठबंधन पहले पस्त थे, पांचवें चरण में ये परास्त हो चुके हैं। 4 जून को ये समाप्त होते दिखाई देंगे। इंडी गठबंधन के बिखरने का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। टीएमसी अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए सारी हदें पार कर रही है.

## औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देगी बीजेपी, सीएम योगी बोले– जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है तो कोई न कोई...

संवाददाता।

लखनऊ योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पूरे प्रयागराज क्षेत्र में जिन लोगों ने वसूली के केंद्र खोले थे, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे थे, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बने हुए थे, वे अब मिट्टी में मिल गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि इंडिया गठबंधन एक चेतावनी संकेत है और पुष्टि करता है कि सत्तारूढ़ दल मुगल सम्राट औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देगा। जौनपुर




लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतरे भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जौनपुर के शाहगंज के पट्टी नरेंद्रपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, "रामलला ने तीसरी बार अपने भक्त (पीएम मोदी) को सत्ता सौंपने का फैसला किया है।" आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में दो धाराएं स्पष्ट हो चुकी हैं, एक रामभक्तों, राष्ट्र भक्तों, विकास की है तो दूसरी राम द्रोहियों, भारत विरोधियों, गरीब कल्याण विरोधियों की है जो आतंकवाद को पनपने देते हैं और देश के साथ गद्दारी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) का गठबंधन होता है, जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है तो कोई न कोई अनर्थ करने के लिए मिलती है।'' नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी नरेंद्रपुर में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा विधायक और सांसद जिले में जरूरी विकास लाएंगे और दुनिया जौनपुर आएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार राज्य से माफिया का खात्मा करके रहेगी। यूपी के सीएम ने पिछड़ों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के आरक्षण अधिकारों की रक्षा करने की कसम खाई। साथ ही उन्होंने चल रहे के बारे में विस्तार से बताया।

## छत्तीसगढ़ के कवर्धा में पिकअप वाहन पलटने से 19 लोगों की मौत, चार घायल

एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक पिकअप वाहन पलट जाने से 19 लोगों की जान चली गई और 4 अन्य घायल हो गए। कवर्धा में सुबह तड़के यह हादसा हुआ। मृतकों में कई यात्री शामिल हैं जो पिकअप वाहन में सवार थे।एक दुखद घटना में, छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक पिकअप वाहन पलट जाने से 19 लोगों की जान चली गई और 4 अन्य घायल हो गए। कवर्धा में सुबह तड़के यह हादसा हुआ। मृतकों में कई यात्री शामिल हैं जो



पिकअप वाहन में सवार थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वाहन की गति तेज रही होगी, जिसके कारण वह नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। सटीक कारण निर्धारित करने के लिए अधिकारी गहन जांच कर रहे हैं। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और त्रासदी से प्रभावित लोगों को सहायता का आश्वासन दिया है। इस विनाशकारी दुर्घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है, और जांच जारी रहने के कारण और अपडेट की उम्मीद है।यह दुखद घटना छत्तीसगढ़ के कबरधाम जिले के बहपानी इलाके में हुई। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि 15 लोगों की मौत हो गई है और 10 लोग घायल हैं।उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने ट्वीट कर घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा, ष्कवर्धा जिले से बेहद दर्दनाक खबर मिली है। रिपोर्ट से पता चला है कि कुकदुर थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई है। सभी जंगल से तेंदूपत्ता संग्रहण कर घर लौट रहे थे। स्थानीय अधिकारी और बचाव दल घायलों की सहायता करने और मृतकों के शव बरामद करने के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को तत्काल चिकित्सा देखभाल के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है।

## सहानुभूति हासिल करने के लिए केजरीवाल पर हमला करा सकती है आप –वीरेंद्र सचदेवा

एजेंसी।

नयी दिल्ली। सचदेवा ने आप और केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री आवास के अंदर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, केजरीवाल से मेरा एकमात्र सवाल यह है कि वह अपने घर में मालीवाल पर हमले की घटना पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दावा किया कि 25 मई को दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिएमुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करा सकती है। सचदेवा ने दिल्ली पुलिस और निर्वाचन आयोग (ईसी) से मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ाने को भी कहा। कुछ मेट्रो ट्रेन के अंदर केजरीवाल के विरूद्ध दीवार लेखन पाये जाने के बाद राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज सहित आम



आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची है। सचदेवा ने आप और केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री आवास के अंदर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, केजरीवाल से मेरा एकमात्र सवाल यह है कि वह अपने घर में मालीवाल पर हमले की घटना पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मालीवाल हमले के मुद्दे से केजरीवाल क्यों भाग रहे हैं? उन्होंने कहा कि संजय सिंह ने अपने संवाददाता सम्मेलन में लंबी बात की लेकिन मालीवाल के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि आपकेजरीवाल पर हमले की बात कर रही है। उन्होंने दावा किया कि 8 अप्रैल 2014 और 25 अगस्त 2016 को केजरीवाल पर उनकी ही पार्टी के समर्थकों ने हमला किया था। सचदेवा ने दावा किया, ये हथकंडे बार–बार नहीं चल सकते। सिंह द्वारा आज प्रस्तुत की गई 'स्क्रिप्ट' इंगित करती है कि आप ने वे दिन तय कर लिये हैं जब केजरीवाल पर जूते फेंके जाने हैं और जब उन पर हमला किया जाना है। उन्होंने कहा कि यदि केजरीवाल को कुछ हुआ तो इसके लिए वह खुद और आम आदमी पार्टी जिम्मेदार होगी। सचदेवा ने कहा, ''मैं पुलिस और निर्वाचन आयोग से केजरीवाल की सुरक्षा दोगुनी करने के लिए कहूंगा। उन्होंने राजनीतिक नौटंकी करने के लिए केजरीवाल की आलोचना की औरकहा कि दिल्ली में लोग जलापूर्ति संकट से पीड़ित हैं और दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने मंत्री को लोगों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था, और जब वह जेल से बाहर हैं, तब उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा, झूठ बोलना और फैलाना और नया नाटक करना आम आदमी पार्टी का चरित्र है। लगातार झूठ बोलना उनकी कार्यशैली है लेकिन लोग अब उनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए केजरीवाल और आप अगले तीन से चार दिनों में केजरीवाल पर हमला करा सकते हैं।

## पांचवें चरण में शाम पांच बजे तक करीब 56 प्रतिशत मतदान

संवादाता।

लखनऊ। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम पांच बजे तक अमेठी में 52.68 प्रतिशत, बांदा में 57.38 प्रतिशत, बाराबंकी में 64.86 प्रतिशत, फैजाबाद में 57.36 प्रतिशत, फतेहपुर में 54.56 प्रतिशत, गोंडा में 50.21 प्रतिशत, हमीरपुर में 57.83 प्रतिशत, जालौन में 53.73 प्रतिशत, झांसी में 61.18 प्रतिशत, कैसरगंज में 53.92 प्रतिशत, कौशांबी में 50.65 प्रतिशत, लखनऊ में 49.88 प्रतिशत, मोहनलालगंज में 60.10 प्रतिशत और रायबरेली में 56.26 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीट पर सोमवार को शाम पांच बजे तक औसतन 55.80 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत प्रदेश की 14 लोकसभा सीट के लिए और एक लखनऊ–पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए मतदान सोमवार को सुबह सात बजे शुरू हुआ। शाम छह बजे तक जो भी मतदाता मतदान केन्द्र पहुंच जाएंगे उन सभी को वोट डालने दिया जाएगा। पांचवें चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं स्मृति ईरानी समेत जहां पांच केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, वहीं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी मतदाताओं की कसौटी पर हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम पांच बजे तक अमेठी में 52.68 प्रतिशत, बांदा में 57.38 प्रतिशत, बाराबंकी में 64.86 प्रतिशत, फैजाबाद में 57.36 प्रतिशत, फतेहपुर में 54.56 प्रतिशत, गोंडा में 50.21 प्रतिशत, हमीरपुर में 57.83 प्रतिशत, जालौन में 53.73 प्रतिशत, झांसी में 61.18 प्रतिशत, कैसरगंज में 53.92 प्रतिशत, कौशांबी में 50.65 प्रतिशत, लखनऊ में 49.88 प्रतिशत, मोहनलालगंज में 60.10 प्रतिशत और रायबरेली में 56.26 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए शाम पांच बजे तक 50.16 प्रतिशत वोट पड़े। रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने विपुल खंड के एक विद्यालय के मतदान केंद्र में अपना वोट दिया और लोगों से मतदान की अपील की। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सुबह यहां लखनऊ में मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की। केंद्रीय मंत्री एवं फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति ने अपने क्षेत्र में मतदान किया। इस बीच, राहुल



गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली पहुंच गए। उन्होंने बछरावां के निकट चुरुआ के हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया। पूरा कराने वाले पुजारी ने राहुल के साथ सेल्फी ली। राहुल रायबरेली के बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं से मिले। कांग्रेस ने एक्ध्स पर मतदाताओं से मिलते हुए उनका वीडियो साझा किया और कहा बछरावां में बूथ कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी मिले और आज रायबरेली में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वह स्थानीय लोगों और बूथ योद्धाओं से मिल रहे हैं। कांग्रेस ने रायबरेली में मतदान में धांधली के आरोप लगाये। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्ध्स पर एक पोस्ट में दावा किया सरेनी, रायबरेली बूथ संख्ध्या पांच रसूलपुर आठ बजे से बंद है, मतदाता वापस जा रहे हैं। ...तो ऐसे होगा 400 पार। कांग्रेस ने इसके अलावा 'एक्ध्स' पर अलगकृअलग पोस्ट में रायबरेली में बूथ नंबर 298 रूपखेड़ा में करीब एक घंटे से ईवीएम खराब होने, राही ब्लॉक के बेला खारा ग्राम पंचायत के बूथ 304, 305 और 306 में समस्या होने और वोट न डालने देने का भाजपा पर आरोप लगाया है। कौशांबी से मिली खबर के अनुसार, जिले की सिराथू तहसील के हिसामपुर माढोध गांव के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया है। प्रशासन ग्रामीणों को मनाने में जुटा है। करीब साढ़े दस बजे तक एक भी मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचा। नाराज ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आने के लिए सड़क व रेलवे पुल बनाए जाने का आश्वासन मिलने के बाद ही वह मतदान के बारे में विचार करेंगे। गोंडा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) की प्रत्ध्याशी श्रेया वर्मा

## पति ने डाक से पत्र भेजकर पत्नी को तीन तलाक दिया, मामला दर्ज

एजेंसी

रतलाम। आलोट थाने के प्रधान आरक्षक अनिल भावसन ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को उज्जैन जिले के घोसला निवासी ईशान सतानिया के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। रतलाम। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में अपनी पत्नी को डाक से तीन पत्र भेजकर कथित तौर पर तीन तलाक देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया



गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आलोट थाने के प्रधान आरक्षक अनिल भावसन ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को उज्जैन जिले के घोसला निवासी ईशान सतानिया के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि जोड़े ने नवंबर 2020 में शादी की और इसके तुरंत बाद महिला के ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, महिला अपने माता–पिता के साथ चली गई और आलोट पुलिस थाने में दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि सतानिया ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को 28 फरवरी, दो अप्रैल और आठ मई को तीन तलाक देने के लिए डाक से तीन पत्र भेजे। अधिकारी ने बताया कि इन पत्रों को पुलिस के सामने पेश किया गया है।

## केजरीवाल को निशाना बनाने वाले संदेश कई मेट्रो ट्रेन में लिखे मिले, पुलिस जांच में जुटी

नयी दिल्ली।

नयी दिल्ली। मेट्रो ट्रेन के भीतर एक दीवार लेखन में लिखा गया, ''केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए! कृपया! अन्यथा आप उन तीन थप्पड़ को याद कर लें जो आपको पूर्व के चुनाव में लगे थे। अब असली मुक्काध्थप्पड़ जल्द लगेगा। झंडेवालान में आज की बैठक है।'' एक अन्य लेखन में लिखा गया, ''दिल्ली के मुख्यमंत्री हमें छोड़कर चले जाएं, हमें अब मुफ्त चीजों की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री आवास पर 45 करोड़ रुपये खर्च किये गये।''दिल्ली पुलिस ने कुछ मेट्रो ट्रेन के भीतर और स्टेशनों पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध दीवार लेखन को लेकर जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आप ने इस घटना के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया है और कहा कि वह दीवार लेखन के जरिए केजरीवाल को डराना चाहती है। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक मेट्रो ट्रेन और स्टेशन के भीतर लिखे कुछ संदेशों की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक खाते के जरिए साझा की गईं। मेट्रो ट्रेन के भीतर एक दीवार लेखन में लिखा गया, ''केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए! कृपया! अन्यथा आप उन तीन थप्पड़ को याद कर लें जो आपको पूर्व के चुनाव में लगे थे। अब असली मुक्काध थप्पड़ जल्द लगेगा। झंडेवालान में आज की बैठक है।'' एक अन्य लेखन में लिखा गया, ''दिल्ली के मुख्यमंत्री हमें छोड़कर चले जाएं, हमें अब मुफ्त चीजों की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री आवास पर 45 करोड़ रुपये खर्च किये गये।'' एक अन्य मेट्रो ट्रेन में



दीवार लेखन के जरिए लिखे गए संदेश में कहा गया,''आपको सुझाव दिया जाता है कि निम्नलिखित बिंदुओं को पालन करें... जल बोर्ड पारदर्शी ऑडिट कराए और संबंधित व्यक्तिध्नेताओं की जिम्मेदारी तय की जाए, शराब नीति पर अंतिम रूप से आपका क्या कहना है तथा आपकी पार्टी या आपके नेताओं इसमें कुल कितनी रिश्वत मिली और राघव चड्ढा के नेत्र का उपचार एम्स या सफदरजंग या आपकी पसंद के किसी भी भारतीय अस्पताल में कराएं। आपसे यह उम्मीद की जाती है।'' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इसी तरह के संदेश कम से कम तीन मेट्रो स्टेशनों– पटेल नगर, रमेश नगर और राजीव चौक, पर लिखे मिले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि संबंधित मेट्रो पुलिस थाने में उचित धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे भट्टी में जलाने के दो दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई

एजेंसी। जयपुर। राजस्थान के भीलवाड़ा की पोक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने यह जानकारी दी। राजस्थान के भीलवाड़ा की पोक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से कहा, ''इस मामले में दो दोषियों कालू व कान्हा, जिन्होंने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी हत्या की, को मौत की सजा सुनाई गई है।''

# नरेन्द्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है– अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज प्रयागराज में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशीउज्जवल रमण सिंह और फूलपुर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमर नाथ मौर्य के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाएं की। दोनों चुनावी जनसभाओं में ऐतिहासिक भीड़ आयी। भीड़ में अखिलेश यादव और राहुल गांधी को देखने और सुनने को लेकर जबरदस्त जोश और उत्साह रहा। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बीच ऐतिहासिक भीड़ ने गगनभेदी नारों से अखिलेश यादव और राहुल गांधी का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने जनसभाओं में आये विशाल जनसमूह का अभिवादन किया। लोगों से इलाहाबाद से उज्जवल रमण सिंह और फूलपुर से अमर नाथ मौर्य को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की। इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल तक जनता को ठगने का काम किया है। यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान को बदलना चाहती है। संविधान बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है। इस चुनाव में एक तरफ संविधान बचाने की लड़ाई लड़ने वाले हम इंडिया गठबंधन के लोग हैं वहीं दूसरी तरफ संविधान बदलने की बात करने वाले भाजपा के लोग है।अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। तभी जनता का वोट देने का अधिकार और अन्य अधिकार सुरक्षित रहेगा। भाजपा जनता के अधिकार छीनना चाहती है।अखिलेश यादव ने जनता से अपील की कि अपना जोश और उत्साह बनाये रखे। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर भाजपा को सत्ता से हटाये। भाजपा ने देश और देश की जनता का बहुत नुकसान किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता झूठे है। झूठ बोलते है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। इन्होंने किसानों, नौजवानों, मजदूरों से भी झूठे वादे किया। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। भाजपा ने महंगाई बढ़ाकर किसानों और आम जनता की कमर तोड़ दी। भाजपा किसानों की जमीन और फसल छीनना चाहती है। इसीलिए तीन काले कृषि कानून लायी थी। आंदोलन में हमारे सैकड़ों किसानों ने अपनी शहादत देकर भाजपा सरकार को झुका दिया था। उसी का नतीजा था कि तीनों काले कानून वापस हुए। भाजपा की दस साल की सरकार में महंगाई और कर्ज के बोझ से परेशान एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सिर्फ उद्योगपतियों के कर्ज माफ करती है उन्हीं के हित की नीतियां बनाती है। भाजपा सरकार संविधान और जनता के जान के पीछे पड़ी है। वैक्सीन कम्पनी से चंदा लेकर सबको वैक्सीन लगवा दिया। अब वैक्सीन को लजेकर गंभीर रिपोर्ट आयी है। लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो रही है।कहा कि चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गयी है। भाजपा का सफाया हो रहा है। सातवें चरण तक जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। भाजपा ने किसानों की आवाज दबायी। इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों के कर्ज माफ करेगी। फसल की एमएसपी को कानूनी अधिकार देगी। अन्य तरीके से भी मदद होगी। भाजपा सरकार ने युवाओं को नौकरी और रोजगार नहीं दिया। भर्ती परीक्षाओं के सब पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं थी। यह सरकार नौकरी नहीं देना चाहती थी। हमारे युवा, छात्रों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। भविष्य अंधकार में डाल दिया। नौकरी के लिए धोखा दिया।कहा कि हम नौजवानों को भरोसा दिलाते है कि इंडिया गठबंधन की सरकार में नौकरी के साथ–साथ सम्मानजनक रोजगार देंगे।हुल गांधी ने विशाल जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस संविधान पर आक्रमण कर रही है। यह चुनाव संविधान बचाने का है। श्री राहुल गांधी ने कहा है कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू और हिन्दुस्तान के संविधान को भाजपा क्या कोई भी ताकत फाड़ कर नहीं फेंक सकती है। यह जनता का संविधान है।राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सारा का सारा लाभ 22 उद्योगपतियों को दिया है। उन्हीं को अरबपति बनाया है। उनका कर्ज माफ किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही हम लोग देष के करोड़ों गरीबों को लखपति बनायेंगे। पूरे देश में हर लोकसभा क्षेत्र में गरीबों की लिस्ट बनेगी। हर परिवार के घर की एक महिला को चुना जायेगा। करोड़ों महिलाओं के खाते में एक–एक लाख रूपये हर साल ठकाठक, ठकाठक भेजेंगे। नरेन्द्र मोदी ने दस साल के दौरान 22 उद्योगपतियों के कर्ज माफ किये है। हम किसानों के कर्ज माफ करेंगे। किसानों के फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार देंगे। युवाओं को ट्रेनिंग दी जायेगी। अप्रेंटिसशिप के दौरान उन्हें पैसा दिया जायेगा। नरेन्द्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। उनके फैसलों से लोगों की नौकरियां छिन गयी। हम युवाओं को सम्मान की नौकरी देंगे। अग्निवीर योजना को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा। युवाओं को फिर फौज की पहले की तरह नौकरी दी जायेगी। हम भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे। सेना में भर्ती फिर पुराने तरीके से होगी। सेना में एक तरह के जवान, एक तरह के शहीद और एक तरह की पेंशन और सुविधाएं होगी। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाकर 400 रूपये की जाएगी। आशा, ऑगनबाडी कार्यक्रत्रियों की आय दोगुनी करेंगे। सरकारी विभागों में खाली पड़े 30 लाख पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

# 6 महीने के भीतर प्रदेश में दूर होगा बिजली संकट ऊर्जा मंत्री'

'संतकबीरनगर (आरएनएस)। देश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जिले में खलीलाबाद के डीघा स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित जन चौपाल में विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जनता में भ्रम फैला रहे हैं कि यदि दोबारा मोदी सरकार आई तो आरक्षण को खत्म कर देगी। यदि मोदी जी को आरक्षण खत्म करना रहता तो 10 वर्ष का कार्यकाल बहुत था। कुछ लोग कहते थे कि धारा 370 हटाई जाएगी तो वहां खून की नदी बहेगी। राम मंदिर बन जाएगा तो देश में अशांति फैल जाएगी लेकिन सब कुछ हुआ, कहीं कोई विवाद नहीं हुआ, सब आप लोगों के सामने है। विपक्षी दल संविधान विरोधी है, उनके पास कोई मुद्दे नहीं है। सिर्फ जनता को भड़काने का काम कर रही है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा, कि जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश से बिजली का संकट दूर हो जाएगा। सभी को सुचार रूप से बिजली मिले इसके लिए बेहतर स्तर पर काम किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा कि निषाद व भगवान राम का बहुत पुराना नाता है। निषाद ने ही भगवान राम को गंगापार किया था। निषाद की हिम्मत रही कि वह भगवान से बेहिचक अपनी मांग रख सके। इसी प्रकार संतकबीरनगर से सांसद प्रवीण निषाद के जिताकर आप लोग मोदी जी के 400 पार के नारे में एक फूल अवश्य डालें। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में संतकबीरनगर सबसे पिछड़ा रह गया। उसे विकसित करने की जिम्मेदारी हमारी है, हमने मऊ से अधिक धन इस जिले के विकास के लिए दिया है। जबकि मैं मऊ जनपद का ही रहने वाला हूं। वहां पर मैंने 83 करोड़ रुपया ही विकास के लिए दिया। जबकि संतकबीरनगर के लिए 252 करोड़ रुपए अब तक दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी प्रत्याशी प्रवीण निषाद को जिले की विकास की चिंता है। इसलिए, इस बार भी उन्हे बड़ी जीत दिलाते हुए डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी है। मंच से अपने संबोधन में उन्होंने दावा करते हुए कहा, कि आगम 06 महीने के अंदर उत्तर प्रदेश से बिजली संकट हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सपा की सरकार चार बार रही। चारों बार में जितना पैसा सपा की सरकार ने संतकबीरनगर के विकास के लिए दिया होगा उसका चार गुना मैंने अब तक दे दिया है। कार्यक्रम के दौरान खलीलाबाद विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक मेहदावल अनिल त्रिपाठी, एमएलसी सुभाष यदुवंश, एमएलसी संतोष सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, अमर राय, जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव, लोकसभा प्रभारी रजनीकांत मणि त्रिपाठी के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्तागण और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# चुनावी शोर में दबा युवाओं की बेरोजगारी का मुददा

जौनपुर (आरएनएस)। चुनावी शोर में बेरोजगारी का मुददा दब गया है। बड़ी संख्या में षिक्षित बेरोजगार जहां मारे मारे फिर रहें है वहीं बहुत कम रूपयों में अपनी सेवा देकर किसी प्रकार अपना खर्च निकाल पा रहे है। उच्च षिक्षा ग्रहण करने के बाद नौकरी नहीं मिलती और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से उनमें कुण्ठा और सरकार के प्रति रोष देखा जा रहा है। उनका कहना है कि मंहगी षिक्षा ग्रहण करने के बाद सरकार नौकरी न के बराबर मिलती है। उन्हे छोटे काम या माण्टेसरी स्कूल में कम रूपये में काम करने को मजबूर होना पड़ता है। जबकि हर विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियां खाली है लेकिन उन्हे समय से भरा नहीं जाता। एमएससी बीएड एक बेरोजगर ने बताया है कि षिक्षा ग्रहण करने के बाद उचित जाब न मिलने के कारण उनका जीवन नर्क हो गया है। न घर में उज्जत सम्मान मिल रहा है और न बाहर। रोजगार करने के लिए पूजी चाहिए और उसकी व्यवस्था नहीं है। तमाम षिक्षित बेरोजगार रिक्षा आदि चलाकर जीवन यापन कर रहे है। ज्ञात हो कि बेरोजगार युवा नेताओं के हाथ की कठपुतली बनकर अपने भविष्य को दांव पर लगाने को मजबूर हैं। राजनीतिक दलों ने चुनावों में अपनी नैया पार लगाने के लिए युवाओं को लगा रखा है। आपराधिक दर में इजाफा हो रहा है, तो कहीं न कहीं नेताओं की मिलीभगत का ही नतीजा है। बेरोजगारी से आहत युवा अक्सर नेताओं की चमचागिरी करके रातोंरात धनाढ्य बनने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। राजनीति की आड़ में ही लोग गैर कानूनी धंधों को अंजाम देकर कानून की खिल्ली उड़ाते जा रहे हैं। बेरोजगारी से पीडित युवा नशीले पदार्थों जैसे चरस, , शराब और नशीले कैप्सूलों की बिक्री को अपनी आय का प्रमुख साधन बनाते जा रहे हैं। आज हालात बदल गए हैं। लोग बेरोजगारी से तंग आकर अपनी जमीनें तक बेचकर विदेशों में डेरा लगा रहे हैं। ऐसा भी नहीं हो सकता कि सरकारें हर किसी को रोजगार मुहैया करवा पाने में सफल हो पाएं। सरकारें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाए हुए हैं, लेकिन युवा वर्ग केवलमात्र सरकारी नौकरी करने में ही ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। सरकारों को अब बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी विभागों में खाली चल रहे पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करके युवाओं को रोजगार से जोडने की पहल करनी होगी। कोरोनाकाल में बेरोजगारी ने भयावह रूप धारण कर लिया है। नतीजतन निजी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की छंटनी लगातार जारी है।

# बर्डफ्लू की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये तैयारियाँ पूर्ण रखें:–जिलाधिकारी

हरदोई(आरएनएस) ।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने रॉची–झारखण्ड के राजकीय कुक्कुट फार्म में बर्डफ्लू के मामले सामने आने के दृष्टिगत पक्षियों में एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्डफ्लू) बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियां करने एवं सावधानियाँ व सतर्कता बरतने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को देते हुए कहा है कि झारखण्ड राज्य की सीमा में उ०प्र० राज्य के सोनभद्र जनपद की सीमा से मिलती है इसलिए सभी सम्बन्धित विभाग बर्डफ्लू की किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये अपनी तैयारियाँ पूर्ण रखें।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग– गड्ढा खोदने हेतु की व्यवस्था के साथ संकमित जोन में कलिंग हेतु मानचित्र चित्रण कराये तथा उक्त के साथ–साथ क्षेत्र की घेराबन्दी करायें तथा वन विभाग को निर्देश दिये कि वन क्षेत्र में जंगली माइग्रेटरी पक्षियों से सम्बन्धित सघन निगरानी कार्य योजना विकसित कराये और जंगलीध्माइग्रेटरी पक्षियों के आवागमन मार्ग की पहचान करना, जल निकायों तथा झील, तालाब, पक्षी अभ्यारण्य को प्रदेश के मानचित्र में दर्शाना, जगली माईग्रेटरी पक्षियों की मृत्यू पर वन विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करने के साथ स्थानीय प्रशासन एवं पशु पालन विभाग को अवगत कराया जाना, माइग्रेटरी बर्डस के आवागमन की जानकारी प्राप्त कराना, माइग्रेटरी बर्डस द्वारा अधिसूचित वॉटर बॉडीज, पक्षी विहार में लगातार जाने के रूटमैप तैयार करना, जंगली माइग्रेटरी पक्षियों के सर्विलांस सैम्पल कलेक्ट कराना एवं सम्बन्धित प्रयोगशाला को विशेष वाहक से प्राप्त कराना है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल आर०आर०टी० का गठन, टीकाकरण सैनिटाइजेशन हेतु गठित आर०आर०टी० का रेगुलर स्वास्थ्य परीक्षण, मेडिकल आर०आर०टी० हेतु आवश्यक व्यवस्था, आर०आर०टी० के सदस्यों हेतु क्वारंटाइन की व्यवस्था, नियंत्रण एवं रोकथाम से सम्बन्धित कार्य में सहयोग करना, नियंत्रण एवं रोकथाम से सम्बन्धित जागरूकता अभियान में सहयोग करना, मनुष्यों में एवियन इन्फ्लूएन्जा से प्रभावित लोगों के लिय प्रबन्धन आवश्यक्ता पड़ने पर पी०पी०ई० किट की व्यवस्था करना होगा। उन्होने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिये कि विकास खण्ड स्तर पर विभाग से सम्बन्धित समरत कर्मचारियोंध स्वयं सेवी–संस्थाओं की बैठक आयोजित कर एवियन इन्फ्लूएन्जा के प्रभाव को कम करने के लिये तैयारी कराये और स्थानीय प्रशासन के निर्देशो का पालन आर०आर०टी सदस्यों के रहने एवं खान–पान की व्यवस्था करना, मुआवजा राशि का भुगतान एवं अभिलेखीकरण, श्रमिकों का भुगतान, मानव शक्ति का प्रबन्धन, संक्रमित क्षेत्र में नये पक्षियों को लाये जाने पर प्रतिबन्ध जब तक उक्त क्षेत्र का विसंक्रमित घोषित न कर दिया जाये, गाडे गये पक्षियों के गड्ढों की सुरक्षा करना, जन जागरूकता, संक्रमित क्षेत्र की घेराबन्दी करना, संक्रमित क्षेत्र में तथा उसके आस–पास के क्षेत्र में चिन्हित स्थानों में स्थाई एवं अस्थाई सूचनापट् लगाना, अभियान के पश्चात यथा आवश्यक सहयोग करना।

# मतदान में उत्सव के समान होनी चाहिये सहभागिता

जौनपुर (आरएनएस)। भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में लोकतंत्र के महापर्व के आयोजन के समय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रहित में मतदान और हम सब परिवारों की भूमिका का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कथावाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज का आगमन हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पार्पण से किया गया। महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव द्वारा वन्दे मातरम गीत गाया गया। संस्थाध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार भी है और नैतिक कर्तव्य भी। हम सभी को अपने राष्ट्र धर्म का पालन करते हुए निश्चित रूप से मतदान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता आयोजनों से मत प्रतिशत में वृद्धि अवश्य देखने को मुख्य वक्ता आचार्य शान्तनु ने कहा कि हम जब परिवार में कोई उत्सव मनाते हैं उसमें जो सबसे आवश्यक बात है, वह है परिजनों की शतकृ प्रतिशत सहभागिता। इसी प्रकार हमारा लोकतंत्र भी सर्वश्रेष्ठ बन सके, उसके लिये आवश्यक है कि इस मतदान में आप सभी की शत प्रतिशत सहभागिता बने। ऐसी घटनाएं भी होती है कि एक मतदान से प्रत्याशी चुनाव हार गये इसलिये प्रत्येक वोट का महत्व है। उन्होंने बताया कि ऐसे आंकड़ें हमें सदैव प्राप्त होते हैं जिससे यह पता चलता है कि नगरीय क्षेत्रों में जहां पढ़े लिखे लोगों का प्रतिशत ज्यादा है वहां मतदान का प्रतिशत सबसे कम है। निराशा व उदासीनता मत प्रतिशत घटाती है। यह आवश्यक है कि हम सब लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्सव की तरह मनायें और उसमें अपनी सम्पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डा. सुभाष सिंह, नगर संघचालक धर्मवीर तथा जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रजत जी उपस्थित रहे। डा. रामनारायण सिंह, दया निगम, अवधेश गिरि, रविन्द्र गुप्ता को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। डा. शैलेश सिंह, नीरज श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, जनार्दन पाण्डेय, अनिल गुप्ता, कंचन पाण्डेय, मीरा अग्रहरि, अंजू सिंह, जया सिंह, रीना उपाध्याय, प्रशान्त सिंह, सन्दीप चौधरी, जयशंकर सिंह, राजेश कुमार, अतुल मिश्र, रमेश श्रीवास्तव, डा. आलोक दास आदि उपस्थित रहे। संचालन उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के पूर्व मनाया कार्यक्रम

हरदोई।(आरएनएस) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर के गंगा देवी इंटर कालेज के बच्चों के बीच महारानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजीव खरे ने बताया कि महारानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में आज का युवा बहुत कम जानता है।असल में देश की शिक्षा वामपंथियों के हाथ में रही।उन्होंने इतिहास अपने विमर्श के हिसाब से लिखीं। वे सभी नाम जो उनके विमर्श के अनुरूप नहीं थे वे या तो हटा दिए गए या फिर उन्हें इतिहास के फुटनोट तक सीमित कर दिया गया। आज की पीढ़ी उनके बारे में जानती भी नही है।इसलिए आज की आवश्यकता है कि हम अपने इतिहास का गहन अध्ययन करें जिससे हम अपने गुमनाम नायकों के बारे में भी जान सकें।

उन्होंने आगे बताया कि इंदौर की रानी अहिल्याबाई होलकर ने देश भर में मंदिर बनवाये और मुगलों द्वारा ध्वस्त किए गए मंदिरें का बार बार जीर्णोद्धार करवाया। प्याऊ की वयवस्था की।कलकत्ता से बनारस तक रोड का निर्माण करवाया। उस समय टेक्सटाइल इंडस्ट्री का निर्माण किया, मातृशक्ति के सशक्तिकरण हेतु नारीसेना का गठन किया। मुख्य वक्ता ने छात्रों से आग्रह भी किया कि वे सभी इस ग्रीष्म अवकाश में अपने इतिहास का अध्ययन करें।इस अवसर महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित से सम्बंधित एक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह के में भाग लिया।इस अवसर पर उपस्थित नगर कार्यवाह विनय पाण्ड्येय ने बताया कि इस वर्ष ३१ मई को महारानी अहिल्या बाई होलकर की ३००वीं जयंती है इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में कार्यक्रम करेगा। इस मौके पर जिला महाविद्यालयीन प्रमुख विनय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर अभिराम, अध्यापक प्रदीप पांड्येय और रोहित मिश्रा मौजूद रहे।

# भाजपा को कोई नेता नहीं पत्रकार के घर सात्वना देने

जौनपुर (आरएनएस)। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के इमरानगंज बाजार चौक के समीप सोमवार प्रातः साढ़े नौ बजे पत्रकार आशुतोष को गोलियों से भून कर मौत के घाट उतार दिया गया था। इसके बाद पत्रकार के भाई संतोष श्रीवास्तव की तहरीर पर 4 नामजद आरोपियों में धनाढ्य नासिर जमाल, उसका भाई अर्फी उर्फ कामरान, जेल में बंद मो. हासिम और हिस्ट्रीशीटर जमीरुद्दीन कुरैशी के साथ 5 अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया था। हालांकि आशुतोष ने कई बार जिला प्रशासन और पुलिस से किसी भाजपा नेता से अपने जान का खतरा बताते हुई उचित कार्रवाई की मांग भी किया था। जमीरुद्दीन कुरैशी को पुलिस ने भिवंडी से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। जमीरुद्दीन की गिनती पूर्वांचल का कुख्यात गो तस्करों में होती है। बताया जाता है कि गुरुवार को ट्रांजिट रिमांड के बाद गोदान एक्सप्रेस ट्रेन में कोतवाली के उपनिरीक्षक मंशाराम गुप्ता और कांस्टेबल बृजेश मिश्रा साथ ला रहे थे। खंडवा स्टेशन पर शौच के बहाने पुलिस को चकमा दे फरार हो गया। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने एसओजी के नेतृत्व में एक टीम मुम्बई भेजा। वहीं कोतवाली से उपनिरीक्षक जफर रिजवी और संतोष शुक्ला कों मुम्बई भेजा गया। पूर्व में गिरफ्तार करने वाले कांस्टेबल बृजेश मिश्रा भी साथ रहे। रविवार प्रातः निर्मम हत्याकांड में नामजद आरोपित जमीरुद्दीन कुरैशी कों पुनः गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्दगी भर हिन्दुत्व का झंडा बुलंद करने वाले पत्रकार आशुतोष की निर्मम हत्या कर दिया गया। आशुतोष सरकार की मंशानुरूप गोकशी, गो तस्करी, धर्मांतरण और भू माफियाओं के विरुद्ध आवाज बुलंद करते रहे लेकिन इनाम के रूप में मौत मिला। वहीं घर पर मर्माहत परिजनों को सांत्वना देने कोई भी भाजपा का बड़ा नेता यहां तक लोकसभा प्रत्याशी जिलाध्यक्ष तक नहीं पहुंचे जिससे लोगों में गम और गुस्सा दोनों चरम पर है। पत्रकार हत्याकाण्ड में नामजद मुम्बई के अरबपति और क्षेत्र में कई विद्यालयों महाविद्यालय के प्रबंधक नासिर जमाल पर आखिर पुलिस क्यों मेहरबान है? वहीं उसका भाई अर्फी उर्फ कामरान भी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वहीं तहरीर में 5 अज्ञात अपराधियों को भी पुलिस चिंहित नहीं कर सकी है जबकि मृतक ने पूर्व में ही नासिर जमाल व एक भाजपा नेता पर हत्या कराने का शक जाहिर किया था।

# श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने सीखे विभिन्न प्रकार के योग

हरदोई।(आरएनएस)श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में एक दिवसीय निःशुल्क पतंजलि योग शिविर में पतंजलि योग समिति हरदोई के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह अपने साथ राकेश कुमार हरिहर पुर को लेकर पहुंचे और करीब 250 बच्चों को योगाभ्यास कराया।

हरिबंश जी ने कहा कि 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आ रहा है जिसको पूरा देश एक साथ मनाता है हमारा जिला कहीं पीछे न रह जाये इसलिए हर स्कूल ,गांव, नगर में घर घर और बच्चा बच्चा योग करे जिससे हमारा देश स्वस्थ और समृद्धशाली हो जाये और विश्व गुरु के रुप में पुनःस्थापित हो जाये।इसलिए मैं व हमारा योग परिवार पुरूषार्थ के साथ सेवा में लगा हुआ। मैंनेजिंग डायेरक्टर अखिलेश सिंह ने अपने स्कूल में बच्चों को योग सिखाने केलिए बुलाकर अवसर प्रदान किया। हरिबंश जी ने बच्चों को बताया कि पहले ईश्वर की वन्दना करने के बाद ही कोई कार्य प्रारम्भ करते हैं जो बहुत शुभ होता है इसलिए परमपिता परमात्मा (ईश्वर, खुदा, गाड,या वाहेगुरु) को याद कर प्रार्थना की,फिर आसनों में ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन,कटि संचालन,घुटना संचालन, उसके बाद ताड़ासन, बृच्छासन,पादहस्तासन, अर्धचक्रासन,त्रिकोण आसन फिर बैठ कर करने बालों में दण्डासन भद्रासन, बज्रासन,अर्ध उष्ट्रासन,उष्ट्रासन, शशिकासन,उत्तानमण्डूक आसन ,वंक्रासन कराये साथ ही मण्डूक आसन,अर्धमत्स्येन्द्रासन, गोमुख आसन भी कराये और लाभ भी बताये उसके बाद प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली,भ्रामरी,उद्गीथ,और ध्यान करके सिखाया। हस्यासन भी कराया जो बच्चों को बहुत पसंद आया। उन्होंने बताया कि शरीर के आन्तरिक सिस्टम के लिए प्राणायाम करे जिससे शरीर के, 72 करोड़ 72 लाख 10 हजार 201 नसनाड़ी परिशुद्ध होती है और वाह्य सिस्टम के लिए आसन करते,जिससध शरीर का सम्पूर्ण विकास होता है।अच्छा जीवन जीना है तो योग को अपने जीवन में अवश्य उतार लेना चाहिए। योग करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसलिए बचपन से ही योग करना चाहिए। उक्त शिविर की व्यवस्था प्रवन्धक मुकेश कुमार सिंह ने बहुत अच्छी की। इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर अखिलेश सिंह, प्रबंधक मुकेश सिंह के अलावा प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, शिक्षिका कविता गुप्ता,अर्पिता सिंह,मंशा वाजपेई,सोनी तिवारी, ऐश्वर्या सिंह,नीलम राठौर,विनीता त्रिवेदी,रेखारानी, प्रज्ञा तिवारी,पूजा सिंह,कोमल यादव,आरती वर्मा,संजय गुप्ता,राम प्रकाश पांडे,देवेश प्रसाद सिंह,अभिनव सिंह,उदय शुक्ला आदि ने सहयोग किया।

# राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं से तप रहा पश्चिमी यूपी, तीन दिन अभी और चढ़ेगा पारा

मेरठ।(आरएनएस) राजस्थान से आ रही गर्म हवाओ से वेस्ट यूपी की धरती तप रही है। रिकॉर्ड तोड़ रही गर्मी के बीच हीट वेव ने मेरठ, मुजफ्फरनगर समेत शहर व ग्रामीण इलाकों में लोगों को झुलसा दिया है। वेस्ट यूपी में गर्मी का पर चढ़ता जा रहा रहा है। पिछले 6 दिन से दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे नहीं आया है जिस कारण से गर्मी का असर और बढ़ रहा है मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अभी रहता के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।रविवार को सुबह से ही सूरज की तेज तपिश और हीट वेव के चलने से गर्मी का असर और तेज हो गया लगातार बढ़ती गर्मी ने शहर वासियों को हलकान कर दिया है। सुबह से लेकर रात तक गर्मी से कोई राहत नहीं मिल रही है अभी आने वाले दिनों में भी गर्मी का असर वैसे ही बना रहेगा पिछले 6 दिन से दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे नहीं आया है। सामान्य से ऊपर चल रहे तापमान ने रविवार को सुबह से ही सूरज की तेज तपिश और हीट वेव के चलने से गर्मी का असर और तेज हो गया लगातार बढ़ती गर्मी ने शहर वासियों को हलकान कर दिया है। सुबह से लेकर रात तक गर्मी से कोई राहत नहीं मिल रही है अभी आने वाले दिनों में भी गर्मी का असर वैसे ही बना रहेगा पिछले 6 दिन से दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे नहीं आया। सामान्य से ऊपर चल रहे तापमान में लोगों को गर्मी में झुलसा दिया। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर यूपीशाही का कहना है कि अभी तीन–चार दिन तक गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवाओं के चलते वेस्ट यूपी में पर चढ़ता जा रहा है। चार घंटे ज्यादा रहता है गर्मी का असर वर्तमान मौसम शुष्क चल रहा है। गर्मी का असर तेजी से बढ़ता जा रहा है। मौसम का असर आमजन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। तेजी से तापमान में बढ़ोतरी के कारण दोपहर के समय करीब 4 घंटे गर्मी का असर ज्यादा रहता है।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया अनेक बूथों का निरीक्षण, सेल्फी प्वाइंट पर ली सेल्फी

## मतदान प्रक्रिया सकुशल संपन्न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के प्रति जताया आभार

झाँसी । जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने झाँसी–ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन– 2024 की मतदान प्रक्रिया का विभिन्न बूथ पर जाकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सुव्यवस्थित मतदान हेतु दिशा–निर्देश भी दिये।

झाँसी–ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की मतदान प्रक्रिया जनपद झांसी के मतदान केंद्रों पर प्रातः 07रू00 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने सर्वप्रथम आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, पी एन कॉन्वेंट स्कूल खाती बाबा, राधा कृष्ण इंटर कॉलेज खाती बाबा,सरस्वती शिशु मंदिर दिन दयाल नगर, निर्मला कॉन्वेंट स्कूल प्रेमनगर, डान बास्को इंटर कालेज ईसाई टोला, एम एस इंटर कॉलेज प्रेमनगर मतदेय स्थल का निरीक्षण किया, वहां उन्होंने पुलिस बल की तैनाती के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को देखा और अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

मतदान केंद्रों पर मतदान की कार्यवाही को देखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद झांसी में पंचम चरण की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से गतिमान रहा। आदर्श बूथ नेशनल हाफिज सिद्दीकी इंटर कॉलेज मतदान स्थल का निरीक्षण किया तथा मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।




भ्रमण के दौरान जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं से संवाद स्थापित किया और बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी (फोटो) भी ली। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से निष्पक्ष स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

जनपद में निष्पक्ष, शुचिता पूर्ण और पारदर्शी ढंग से निर्वाचन मतदान संपन्न कराए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा उचित निर्देश दिए गए। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी से कुल मतदाताओं के सापेक्ष अब तक मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया की जानकारी ली तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आज जनपद में झांसी–ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन– 2024 की सकुशल मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर जनपद झांसी के समस्त प्रशासनिक अधिकारीध्पुलिस अधिकारी सहित मतदान प्रक्रिया से जुड़े अन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी।

इन बूथों के अतिरिक्त भी जिलाधिकारीध्वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदाताओं से बात करते हुए उन्होंने अन्य मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील करते हुए कहा कि सभी निष्पक्ष और निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

झांसी दुर्ग बूथ जीआईसी झांसी में, बुन्देली कला एवं संस्कृति हाफिज सिद्धिकी स्कूल, योग बूथ (सूर्य नमस्कार) बीकेडी कालेज झांसी व वीरांगना बूथ आर्यकन्या इंटर कॉलेज सीपरी, झांसी सहित चार मॉडल बूथ पहली बार सुंदर, सुव्यवस्थित सेल्फी प्वाइंट सहित सजाये गये हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस सहित पुलिस बल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल का निरीक्षण करते डीएम नितीश कुमार

पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

अयोध्या(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 54–फैजाबाद निर्वाचन के पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थलों यथा–राजकीय इंटर कालेज (विधानसभा रूदौली) व राजकीय इंटर कॉलेज (बीकापुर, मिल्कीपुर रूदौली) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरन्तर भ्रमण शील रहकर पार्टियों के रवानगी से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। 54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की चारों विधानसभाओं की सभी पोलिंग पार्टियां अपरान्ह 3 बजे से अपने अपने मतदेय स्थल हेतु रवाना हो चुकी थी और सभी पोलिंग पार्टियां समय से सकुशल आयोग के निर्देशानुसार समय से अपने अपने मतदान केंद्र पर पहुंच गयी।जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि जनपद की नगर निकायों में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मॉडल बूथ बनाये गये है। जिनमें नगर पालिका परिषद रूदौली के अन्तर्गत 03 मतदान केन्द्र, नगर पंचायत गोसाईगंज में 02, नगर पंचायत बीकापुर में 01, नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा में 06, नगर पंचायत कुमारगंज में 02, नगर पंचायत खिरौली (सुचित्तागंज) में 02, नगर पंचायत मां कामाख्या में 02 तथा नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मतदेय स्थलों को मॉडल बूथ के रूप में बनाया गया है। इन मॉडल बूथों में लोकतंत्र आधारित थीम पर सजाया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के भी चिन्हित मतदेय स्थलों को मॉडल बूथ के रूप में सजाया गया है।

# निर्वाचन अधिकारी ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

अयोध्या(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने 54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के (मतदान दिवस 20 मई 2024) पोल डे मॉनीटरिंग हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में स्थापित इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभावार ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मतदान के दौरान प्राप्त होने वाले समस्याओं का दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तत्काल समाधान सुनिश्चित करायेंगे। इसके उपरांत उन्होंने वेब कास्टिंग कन्ट्रोल रूम में विधानसभा वार लगाये गये सीसीटीवी वेब कास्टिंग का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हेतु कुल 20 एलईडी टीवी (प्रत्येक विधानसभा हेतु 4–4) स्थापित की गयी है। जिनके माध्यम से फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित किये 1060 बूथों (जिन पर सीसीटीवी स्थापित हैं) की नियमित नजर रखी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्ट्रोल रूम वेब कास्टिंग के प्रभारी अपर जिला अधिकारी कानून व्यवस्था को वेब कास्टिंग के माध्यम से प्राप्त किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान सम्बंधित जोनलध्सेक्टर या अन्य संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर तत्काल समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 में 54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु मतदान 20मई को नियत है। पोल डे मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम की स्थापना कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी सभाकक्ष में की गई हैं। उक्त कन्ट्रोल रूम के लिए लैंडलाइन नं0 05278–224286 व सी0यू0जी0 नं0 9454417154 आवंटित किया गया है। इसमें विधानसभा क्षेत्रवार निम्नलिखित कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाती है, जिसमें अजय बहादुर सिंह वरिष्ठ सहायक को विधानसभा अयोध्या, जितेन्द्र प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक को विधानसभा बीकापुर, अजय कुमार कनिष्ठ सहायक को विधानसभा मिल्कीपुर, मो0 अनस भूमि अर्जन अमीन को विधानसभा रूदौली, विकास वर्मा भूमि अर्जन अमीन को विधानसभा दरियाबाद, भगवान यादव व श्रीमती ऊषा की ड्यूटी लगायी गयी है। उक्त कर्मचारी रविवार को प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक तथा दिनांक 20.05.2024 को प्रात 05.00 बजे से कंट्रोल रूम में उपस्थित रहकर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु दूरभाष पर सम्बन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों से वार्ता कर निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। उक्त जानकारी उप निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी है।

# सांसद मेनका ने वर्ण व्यवस्था व दलगत राजनीति से हटकर दी हैं कई सौगातें रिषभ

## कक्कू पाडेय यूथ ब्रिगेड ने मेनका गांधी को दिया समर्थन'



सुलतानपुर(आरएनएस) । देश में पांचवें चरण के मतदान 20 मई को होने हैं , जिसके चुनावी शोर व रैलियों का कल अंतिम दौर रहा और देर शाम प्रचार प्रसार उन सीटों पर थम गया जहां 20 को मतदान होने हैं । वहीं छठवें चरण के मतदान की सीटों पर चुनावी बयार को लेकर रंग दिन प्रतिदिन परवान चढ़ता नजर आ रहा है , सुलतानपुर लोकसभा 38 से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने 50 दिनों से क्षेत्र में लगातार बरकरार है और चुनावी कैंम्पेन कर दिनों दिन बढ़त बनाए हुए हैं और अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड आम मतदाताओं से बैठकों के दौरान रख रही हैं । आमतौर पर देखा जाए तो मेनका गांधी जाति , धर्म , वर्ग व्यवस्थाओ से हट सुलतानपुर के स्वस्थ्य परिवेश के लिए कार्यों का खांका खींच उसको अमली जामा पहनाने का काम किया है । पूर्वांचल की राजनीति में अम्बेडकर नगर का पाण्डेय परिवार का सियासी रसूख किसी से छिपा नहीं है , पूर्वांचल के राजनीतिक के गलियारों में ब्रहमणों व प्रबुद्ध वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरों में शुमार कक्कू पाण्डेय ने लोकसभा 38 से भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के विजयश्री बनाने को लेकर समर्थन का ऐलान कर दिया , जिसको लेकर कक्कू पाण्डेय यूथ ब्रिगेड के संगठन अध्यक्ष ऋषभ मिश्रा ने सैकड़ो युवाओं के साथ केन्द्रीय कार्यालय पर पार्टी अध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी के के सिंह के नेतृत्व में समर्थन पत्र देते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली । कक्कू पाण्डेय यूथ ब्रिगेड के समर्थन की खबरों से सुलतानपुर के राजनीतिक दलों में हलचल मच गयी है , ब्रिगेड के अध्यक्ष ने कहा कि लोकप्रिय सांसद मेनका गांधी ने वर्णव्यवस्था के आधारित राजनीति से हटकर प्रत्येक वर्ग व आमजनमानस के लिए 3800 करोड़ की परियोजनाएं देने का काम किया है , तो हम सभी का भी यह नैतिकता का दायित्व बनता है कि अबकी बार यूपी के सभी लोकसभा सीटों में से एक सुलतानपुर लोकसभा की भाजपा उम्मीदवार मेनका गांधी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने का कार्य किया जाएगा और इतिहास इसका साक्षी होगा कि इतने बड़े मतों से कोई और उत्तर प्रदेश में विजयी घोषित नहीं हुआ होगा यह का सुलतानपुर की आवाम करने जा रही है । इस मौके पर कक्कू पाण्डेय यूथ ब्रिगेड के संगठन अध्यक्ष ऋषभ मिश्रा, सत्य प्रकाश पाण्डेय फूलपुर, शिवकांत पाण्डेय, अश्विन पाठक,हर्षित मिश्रा, आकाश पाण्डेय,प्रशांत वाजपेयी, आकाश मिश्रा, शुभम मिश्रा समेत सैकड़ों युवा मौजूद रहे ।

# अब बहुत जल्द जनपद में भी इको फ्रेंडली मवेशियों का विद्युत शवदाह गृह बन कर होगा तैयार,चिन्हित की जा रही है जमीन –एस सुधाकरन।



सुल्तानपुर– अब जिले में पहली बार बेजुबान आवारा मवेशियों व पशुपालक के मवेशियों की मौत के बाद शव को जलाने के लिए श्मशान घाट बनाये जाने की तैयारी की जा रही है ।जिसके निर्माण से आवारा पशुओं के साथ पशुपालकों (किसानों)के लिए भी यह उपयोगी बनेगा साथ ही प्रदूषण रहित तरीके से पशुओं का अंतिम संस्कार किया जा सकेगा ।इस बात की जानकारी जनपद के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनेन्दू सुधाकरन द्वारा के.डी न्यूज को एक भेंटवार्ता के दौरान बताई। श्री सुधाकरन ने बताया कि इस इको फ्रेंडली शव दाह गृह में मवेशियों का पालन करने वाले किसान या अन्य लोग भी अपने पालतू पशुओं की मौतों पर उनका अंतिम संस्कार कर सकेंगे ।अपर जिलाधिकारी ने आगे पर्यावरण की चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है सड़क पर या शहर में अन्य खुले स्थानों पर पशुओं के मृत्यु होने के बाद खुले में छोड़ देते हैं जिससे वातावरण दूषित होता है। इस प्रदूषण को कम करने और शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए पशु शवदाह गृह बनाया जाना जरूरी है हमने इसके पहले लखीमपुर खीरी में पशुओं के शव दाह गृह का निर्माण कराया है। यह शमशान घाट पूरी तरीके से इको फ्रेंडली होगा। एडीएम सुधाकरन ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह मृत पशुओं के शव इधर–उधर फेंके जाने से खासकर बारिश में आमजनों की मुश्किलों से निजात मिल सकेगी साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के शव फेंके हुए भी नजर नहीं आएंगे और प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा ।श्री सुधाकरन ने आगे बताया कि पशुओं के इस श्मशान घाट में इलेक्ट्रिक मशीन इस तकनीक से लैस होगी कि अंतिम संस्कार के बाद किसी प्रकार का दुर्गंध नहीं आ सकेगा जिससे पर्यावरण पर भी किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं हो सकेगा। बातचीत के अंत मे उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर नगरपालिका द्वारा एक जमीन चिन्हित की गई थी लेकिन आबादी के नजदीक होने के चलते उस जमीन का चयन नही किया गया है,जमीन की तलाश जारी है जैसे ही नगरपालिका द्वारा जमीन चिन्हित कर दी जाएगा उसपर कार्य शुरू होने की तैयारी हो जाएगा।

# मतदाता को पहचान सिद्ध करने के लिए देना होगा फोटो पहचान पत्र

अयोध्या(आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्णय के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव में मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा यथा–आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकोंध्डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध्राज्य सरकारध्लोक उपक्रमध्पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदोंधविधायकोंधविधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे।` पहचान दस्तावेज के रूप में नही माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी है।

# जीआईसी मैदान से रवाना होती पोलिंग पार्टियां

## मतदान केन्द्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, मतदान आज

अयोध्या(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि 54 फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 20 मई को होना है। आज मतदान के लिए सभी 2074 पोलिंग पार्टिया रवाना हो गई है। फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में जनपद अयोध्या की 04 विधानसभा (अयोध्या, मिल्कीपुर, बीकापुर, रुदौली) व एक विधानसभा दरियाबाद जनपद बाराबंकी आती है सभी विधान सभाओं की सभी पोलिंग पार्टिया अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए रवाना हो चुकी हैं जो आज शाम तक सभी बूथों पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी बूथों पर व्यापक पैमाने पर तैयारी की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में 2074 बूथ व 1161 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 19 लाख 27 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने 54–फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 20 मई 2024 को होने वाले मतदान दिवस पर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार एवम् कर्तव्य है। इसलिए मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। प्रशासन द्वारा भी मतदाताओं को मतदान करने जागरूक बनाया जा रहा है। कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने अपील की कि मतदाताओं को किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए कटिबद्ध है, सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद है।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने मण्डल के जिन जनपदों में 20 मई 2024 को सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत मतदान दिवस है, वहां के सम्मानित मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की है। उन्होंने सभी मंडल वासियों से मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए इस महापर्व में शामिल होने वाले युवा मतदाता जो अपने मताधिकार का प्रयोग बार करेंगे उन्हें शुभकामनाएं भी दी है। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने अयोध्या रेंज के सभी सम्मानित मतदाताओं से निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद के सभी मतदाताओं से अयोध्या की गरिमा के अनुरूप मतदान में बढ़ चढ़कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा मतदान दिवस की सम्पूर्ण तैयारियां कर ली गई है तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुये गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक प्रबन्ध भी किये गये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने सभी मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील करते हुये बताया है कि मतदान हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये है।

# लोकसभा केन्द्रीय कार्यालय से भाजपा की टीम करेगी चुनाव की मानीटरिंग

अयोध्या(आरएनएस)। चुनाव आयोग के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन के साथ पहले मतदान फिर जलपान की मुहिम के तहत भाजपा शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो के प्रेरित करेगी। भाजपा के पन्ना प्रमुख इसके लिए मतदाताओं से सम्पर्क कर चुके है। लोकसभा केन्द्रीय कार्यालय पर भाजपा की टीम पूरे चुनाव की मानीटरिंग करेगी। टीम पोलिंग एजेन्ट के सम्पर्क में रहेगी। कहीं भी कोई कमी मिलने पर अधिकारियों से वार्ता करके उसे दूर किया जाएगा। तैयारियों को लेकर लोकसभा केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा की बैठक सम्पन्न हुई ।लोक सभा संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत–प्रतिशत मतदान होना जरुरी है। शत–प्रतिशत मतदान के लिए पन्ना प्रमुख सभी मतदाताओं से निवेदन करेंगे। भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय पर विधानसभा स्तर पर कन्ट्रोल रूम बने है

# डिजिटल भुगतान में भारत अग्रणी देशों में प्रथम – विनीत कुमार

अयोध्या(आरएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं इनोवेशन सेल व इग्नू रीजनल सेण्टर लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को "इनोवेशन स्टार्टअप और उद्यमिता विषय पर एक्सपर्टटॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता विनीत कुमार श्रीवास्तव, निदेशक एवं उप गवर्नर के कार्यपालक सहायक, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई ने कहा कि भारत 5 ट्रिलियन इकोनोमी बनने की दिशा में अग्रसर है। वर्ष 2030 तक इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने वर्तमान जी.डी.पी. व वितीय क्षेत्र में संगठित एवं असंगठित क्षेत्रो के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान वित्तीय लेन देन में पूरी तरह डिजिटाइजेशन होने से इनके विस्तार में गति मिली है। डिजिटल भुगतान के मामले में वैश्विक पटल पर भारत अग्रणी देशों की श्रृंखला में प्रथम स्थान पर है। इसके साथ ही डिजिटाइजेशन में भारत देश कृषि क्षेत्र में भी अनेक उपलब्धिया हासिल कर देश की जी.डी.पी. बढाने में विशेष योगदान दिया है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत अपनी भौगोलिक, पर्यावरण और आर्थिक विशेषताओं के कारण विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रति सवेदनशील है। तापमान परिवर्तन के साथ मानसून पैटर्न में परिवर्तनशीलता फसल उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को भी प्रभावित करती है। वित्तीय सेवा उधोग के नजरिये से हरित वित्त इन जोखिमो को कम करने में सहायक है। कार्यक्रम में सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू लखनऊ के डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने कहा कि इनोवेशन क्षेत्र छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बनेगा। इग्नू अध्यन केंद्र अयोध्या के समन्वयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रो में एक नया उत्साह जागृत करेगा एवं उद्यमिता की दिशा में

# संपादकीय

## चिंता का सबब

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में दोगुने यात्री पहुंच रहे हैं। यह वाकई हर किसी के लिए चिंता का सबब है। बेतहाशा बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के चलते बारह यात्रियों की मौत हो चुकी है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी रैली छोड़ कर देहरादून पहुंचे। बैठक लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि 31मई तक सभी वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। यात्रा मार्गों पर भीषण जाम है, तीर्थयात्री घंटों–घंटों उनमें फंसे हैं। कुछ की तबीयत बहुत बिगड़ गयी। कुछ श्रद्धालुओं को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। जबरदस्त भीड़ को देखते हुए पंजीकरण दो दिन के लिए रोके जा चुके हैं। यह सच है कि वीआईपी कल्चर के चलते होने वाली व्यवस्थागत गड़बडियों को नजरंदाज किया जाता है। खासकर इस तरह के बड़े तीर्थस्थानों तथा धार्मिक स्थलों में खास लोगों के लिए की जाने वाली व्यवस्था में पुलिस व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या जुटती है। ऐसे में आम नागरिक की तरफ से ध्यान हट जाता है।खुद को अलग और विशेष मानने वाला बड़ा वर्ग है अपने यहां, जो अपनी समृद्धि और ताकत का प्रयोग कर अपनी विशिष्टता दर्शाने में संकोच नहीं करता। निरूसंदेह खास लोगों की आस्था का भी ख्याल रखा जाना जरूरी है। मगर यह आम आदमी की असुविधा या अपमान के साथ न किया जाए। यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि लोगों की आस्था का विस्तार तेजी से हो रहा है। अब लगभग सभी बड़े व प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में बेतहाशा भीड़ लगने लगी है। रही बात पंजीकरण की तो अभी भी देश में ऐसा तबका है, जिसे नियमोंध पाबंदियों के विषय में जानकारी नहीं मिल पाती। उनके पास इतना धन भी नहीं होता कि वे एकाध दिन कहीं रुक कर इंतजार कर सकें। दो सौ मीटर के दायरे में फोन के प्रयोग जैसी पाबंदी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो सकती है। तस्वीरें निकालने या रील बनाने वालों से निपटने के और रास्ते खोजने की जरूरत है। नियमों व पाबंदियों की आड़ में आस्था पर प्रहार से बचने के प्रयास होने चाहिए। चार धाम जैसी यात्रा करने वाले वर्षो से इसकी तैयारी करते हैं, तब निकलते हैं। वे आम भक्त हों या खास, उनकी भावनाओं की अनदेखी करने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता।

## गजब का सामंजस्य

लोकसभा चुनाव में मोदी–योगी की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। इतना ही नहीं, दोनों नेता अपने–अपने भाषण में एक–दूसरे का खूब बखान भी कर रहे हैं। गजब का सामंजस्य चल रहा है। इसके पीछे की पूरी पटकथा लिखी हुई है।

यह सभी जानते हैं कि दिल्ली तक पहुंचने में उत्तर प्रदेश का योगदान सबसे महत्त्वपूर्ण और सर्वाधिक होता है। इस नाते लोक सभा चुनाव 2024 की पहली सभा मोदी ने उत्तर प्रदेश में ही की और शायद अंतिम सभा भी उत्तर प्रदेश में ही होगी। चुनावी सभा के दौरान मोदी योगी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं, और उससे भी अधिक योगी मोदी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं। यह सामंजस्य देखने को खूब मिल रहा है। चुनावी सभा, रोड शो, रैली में जहां दोनों पहुंच रहे हैं, वहां विशाल भीड़ इकटठा हो रही है।

मोदी बार–बार कहते नजर आ रहे हैं कि योगी जी मेरे भी मुख्यमंत्री हैं। इन्होंने माफिया राज को खत्म कर दिया है और योगी यह कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी की गारंटी, अबकी बार 400 पार। यहां तक ही नहीं, जब राम मंदिर की बात आ रही है तो योगी बार–बार मोदी को श्रेय दे रहे हैं जबकि यह भी सभी जानते हैं कि योगी ने राम मंदिर निर्माण के लिए रात–दिन एक कर दिया था। बार–बार अयोध्या जा कर मॉनिटरिंग करना, आत्मबल बढ़ाना, विरासत और विकास की बातें खूब हो रही हैं।

लोक सभा की 80 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं, और गिनी–चुनी सीटों को छोड़ दिया जाए तो कयास ये लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की 65 से ऊपर सीटें भाजपा के पास रहेंगी और इसका श्रेय सीध तौर पर योगी को जाता है। केंद्र की योजनाओं और प्रदेश की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे मुलाकात और बूथ लेवल कार्यकताओं का लाभार्थियों से सीधा संपर्क बना हुआ है। इसी नाते मोदी भी योगी की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। पूरे देश में चुनावी सभा में जिस तरह से योगी की डिमांड हो रही है, वह अपने आप में एक उदाहरण है। स्टार प्रचारक के रूप में उन्हें जनता हर जगह चाह रही है। उत्तर प्रदेश के बदलाव को बखूबी लोग अपनी जुबां से बयां कर रहे हैं। गोरखपुर का बदलाव भी योगी के कद को बढ़ा ही नहीं रहा है, बल्कि आसपास की लोक सभा सीटों को एक संदेश भी दे रहा है। कानून व्यवस्था तो जैसी यूपी की है, शायद ही किसी अन्य प्रदेश की हो। अपराध और अपराधी यूपी से गायब हो गए हैं। अब उत्तर प्रदेश में कहीं गुंडा टैक्स नहीं चलता। दंगों, कर्फ्यू, रंगदारी, अपहरण, डराना–धमकाना उत्तर प्रदेश से सब समाप्त हो चुका है। इन सभी मुद्दों को लेकर दोनों नेता चर्चा करते नजर आ रहे हैं। प्रथम चरण के चुनाव के बाद जिस तरह से पूरी भाजपा टीम को और मजबूती से लगाया गया है, पूरी तरह से उत्तर प्रदेश में एक नया संदेश देना चाहती है भाजपा। चार जून को लोक सभा चुनाव के परिणाम आने के बाद योगी का कद और बढ़ेगा। योगी विरासत और विकास की बातों के साथ–साथ अपनी पुरानी छवि, फायर ब्रांड हिन्दूवादी नेता की, को कायम रखे हुए हैं। उसी तौरतरीके से उनका चुनावी भाषण भी हो रहा है। बल्कि चुनावी भाषण को छोड़ दिया जाए तो योगी ने अपने नियमित भाषण में बड़ा ही परिवर्तन किया था, तकनीकी और विकास की बारे अधिक होती रहती थीं। लोक सभा चुनाव के ऐलान के बाद राज्यवार स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी योगी को वरीयता दी गई। यह अपने आप में संदेश पहले ही दे दिया गया कि केंद्र के पांच शीर्ष नेताओं के बाद छठे नम्बर पर योगी का ही नाम है। कानून व्यवस्था सख्त रखने के चलते दूसरे राज्यों में योगी की खूब चर्चा होती है। हार्डकोर हिन्दुत्व वाली छवि भी उनके कद को बढ़ाती है। जुगलबंदी इस तरह हो गई है कि योगी गोरखपुर आएंगे तो बाबा गोरखनाथ की पूजा करने के बाद ही अपने कमरे में जाते हैं।

मोदी ने काशी में जिस तरह से कल रोड शो किया वह देखने लायक था। भगवामय कशी नजर आ रही थी। बाबा विनाथ, गंगा मइया, बनारस हिन्दू विविद्यालय सभी जगह पूजन–अर्चना, माल्यार्पण मोदी ने किया। रोड शो के दौरान जिस तरह दोनों नेता अभिवादन करते चल रहे थे, सब की जुबान पर मोदी–योगी चल रहा था। योगी भगवाधारी हैं ही मोदी भी भगवा कुर्ता और भगवा गमछा के साथ रोड शो कर रहे थे। लोगों को यह जुगलबंदी खूब भा रही है। कल मोदी ने अपने नामांकन के दौरान भी योगी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि जो लोग योगी जी को केवल बुलडोजर के नाम से बदनाम करते हैं, वे कान खोल कर सुन लें। जिस तरह से योगी ने यूपी में औद्योगिक विकास किया है, आजादी के बाद विपक्षी सरकारें इतने वर्षो में नहीं कर पाई। मैं काशी का सांसद भी हूं, और मेरे भी मुख्यमंत्री हैं। मैं गर्व महसूस कर रहा हूं कि योगी जैसे व्यक्ति मेरी टीम में हैं। चुनावी सभा के दौरान योगी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 'एक जिला एक उत्पाद' का मिशन पूरे देश में नया सम्मान पैदा कर रहा है।

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग





हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है।बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ–साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या–क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है।हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड–पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले की धुंआ के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीएफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। सवाल कई बार तो ऐसे लगता है जैसे कि मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आर ओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा हैं उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन है वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलेक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाडने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड करने का नजीजा सामने आने लगा है। वातावरण दूषित होने के साथ ही कभी सावन बिन बरसात रह जाता है तो कभी अप्रेल मई में भी बरसात के कारण सर्दी से दो चार होना पड़ जाता है। समय आ गया है जब इस समस्या के निराकरण के लिए विशेषज्ञों को खासतौर से ध्यान देना होगा नहीं तो हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जाएंगे।

इसे भले ही चेतावनी समझा जाएं या कुछ और पर सब कुछ शीशे की तरह साफ है। अब समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान के स्तर को कम करने के उपायों पर गंभीरता से प्रयास किये जाएं।

# उत्तर प्रदेश में नाराज ठाकुरों को मनाने के लिये राजनाथ–शाह ने संभाला मोर्चा



बीजेपी में वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह ने रूठे नेताओं की कमान संभाल ली है। शाह ने पहले बृजभूषण शरण सिंह से बात कर कैसरगंज सीट का हल निकाला और अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया व कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से बेहद अहम मुलाकात की है।उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज की बीजेपी से नाराजगी ने पार्टी आलाकमान को हिला कर रख दिया है। इसी नाराजगी से डरा पार्टी आलाकमान कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटने के बावजूद उनके बेटे को टिकट देने को मजबूर हो गया, वहीं पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा महाराणा प्रताप सिंह की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ की घटना को भी खूब हवा दे रहा है, ताकि क्षत्रिय वोटरों को अपने पाले में खींचा जाये। दरअसल, चार मई को मैनपुरी में अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गई और उनके हाथ में सपा का झंडा थमा दिया गया था, जिसे बीजेपी के नेताओं ने अपने बयान से बड़ा मुद्दा बना दिया। इसके साथ ही मैनपुरी में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर अराजकता और उपद्रव करने के साथ ही प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले सपाई कार्यकर्ताओं पर मैनपुरी कोतवाली में एफआईआर दर्ज हो गई। वहीं, इस घटना से आक्रोशित लोगों ने दूसरे दिन महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया और अराजक सपाइयों के साथ ही सपा के लोकसभा प्रभारी और विधान सभा प्रभारी की गिरफ्तारी की मांग की। महाराणा प्रताप क मूर्ति से छेड़छाड़ की घटना को भुनाने के लिये बीजेपी के साथ उसके अनुवांशिक संगठन भी आगे आ गये हैं। उधर, ठाकुरों को मनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवा चोले से निकल कर बाहर आने को मजबूर हो गये। वह पश्चिमांचल से लेकर पूर्वांचल तक में क्षत्रियों को मनाने की कसरत कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब यूपी के ठाकुरों को मनाने के लिये बीजेपी की केन्द्रीय टीम भी उतर आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी ठाकुरों को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है,तो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी यूपी में क्षत्रिय समाज के बीच पैठ रखने वाले नेताओं से सम्पर्क में हैं। उधर, कहा यह भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी भले ही दावे कर रही है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसको देखते हुए बीजेपी हर एक सीट पर जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।इसी कड़ी में अब बीजेपी में वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री अमित शाह ने रूठे नेताओं की कमान संभाल ली है। शाह ने पहले बृजभूषण शरण सिंह से बात कर कैसरगंज सीट का हल निकाला और अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया व कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से बेहद अहम मुलाकात की है। सूत्रों का कहना है कि अमित शाह ने राजा भैया से मुलाकात कर कौशाम्बी सीट पर उनका समर्थन मांगा है। वहीं राजा भैया ने भी समर्थन देने की बात कह दी है। बता दें, राजा भैया को अपने पाले में लाने का प्रयास करके क्षत्रिय समाज की नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है।इसे भी पढ़ेंरू कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन बताते चलें कुंडा से विधायक व बाहुबली नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया हमेशा से चाहते थे कि कौशांबी लोकसभा सीट बीजेपी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के लिए छोड़ दें। क्योंकि चाहे राज्यसभा चुनाव हो या अन्य मौके राजा भैया ने समय समय पर बीजेपी की मदद की है। सीएम योगी की तारीफ से लेकर बीते राज्यसभा चुनाव में सपा के विधायकों की बगावत में राजा भैया का अहम रोल रहा है। इसको लेकर कहीं ना कहीं किसी रूप में बीजेपी ने भी राजा भैया को आश्वस्त भी किया था। राजा भैया कौशांबी सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को अपनी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन राजा भैया की बात नहीं बन पाई। बीजेपी ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से टिकट दे दिया है। कौशांबी लोकसभा सीट में कुंडा और बाबागंज विधानसभा सीट भी आती है, जहां राजा भैया की चलती है। यह दोनों ही सीट राजा भैया के प्रभाव वाली हैं। कुंडा से खुद राजा भैया लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। साथ ही बाबागंज सीट से राजा भैया के करीबी विधायक हैं। ऐसे में जब हर सीट पर कांटे का मुकाबला हो रहा है। अब गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद अगर राजा भैया अगर बीजेपी प्रत्याशी की मदद कर देंगे तो कौशाम्बी सीट से बीजेपी की जीत तय हो जाएगी। कौशाम्बी से बीजेपी के उम्मीदवार की घोषणा करने के बाद से राजा भैया शांत हो गए थे। जानकार बताते हैं कि राजा भैया अंदर ही अंदर रणनीति तैयार कर रहे थे। इससे बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती थी, इसी को लेकर अमित शाह को मोर्चा संभालना पड़ा। सूत्र बताते हैं कि कुंडा विधायक राजा भैया और गृहमंत्री अमित शाह की मुलाकात बैंगलुरू में हुई थी। बीजेपी जिस तरह से यूपी में एड़ी–चोटी का जोर लगाये हुए हैं उसके आधार पर कुछ राजनैतिक पंडित कह रहे हैं कि असल में अबकी बार बीजेपी का 400 पर का नारा सिर्फ नारा ही लग रहा है, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इसकी भनक बीजेपी नेतृत्व को भी लग गई है। इसको लेकर बीजेपी नेतृत्व बहुत चिंतित है, इसलिए हर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं राजा भैया समर्थकों और बीजेपी उम्मीदवार विनोद सोनकर के बीच तनातनी की खबरें जगजाहिर है।

## आज का राशिफल

मेष राशिरू आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे।

वृष राशिरू आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस–पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम हल होगा।

मिथुन राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन में सावधानी रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है।

कर्क राशिरू आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभाव बना रहेगा।

सिंह राशिरू आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी–मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

कन्या राशिरू आज का दिन मिली–जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल–परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें।

तुला राशिरू आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें।

वृश्चिक राशिरू आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे।

धनु राशिरू आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे, इसमें आप सफल भी होंगे।

मकर राशिरू आज का दिन आपके लिए बढिया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्चअधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है।

कुंभ राशिरू आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज किसी समारोह में आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी।

मीन राशिरू आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड–धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा। आज आपके स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखना आवश्यक रहेगा।

# चाबहार पोर्ट डील, मोदी से अच्छे रिश्ते... क्या है रईसी की मौत का सच ?



ईरान पिछले कुछ वक्त से हमास, हिज्बुल्ला और हूती की वजह से सबसे चर्चित देशों में से बना हुआ है। अमेरिका, यूरोपीय देश और सऊदी अरब की भी परेशानी बढ़ रही थी। ईरान पूरी ताकत से अपने परमाणु अभियान पर भी लगा हुआ था। सभी को इस बात का भी डर था कि अगर ये सफल हो जाता है तो इस इलाके में प्रतिनिधित्व पर दावा मजबूत हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की मौत पर शोक व्यक्त किया है। एक्स पर जाते हुए उन्होंने लिखा कि वह रायसी के दुखद निधन से गहरा दुखी और स्तब्ध हैं और उल्लेख किया है कि दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। एक्स पर उनकी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि भारत–ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी रायसी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। इब्राहीम रायसी अपने विदेश मंत्री होसैन अमीराबडोलहियन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अजरबैजान के साथ ईरान की सीमा की अपनी यात्रा से वापस जाते समय एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में थे। दरअसल, ईरान पिछले कुछ वक्त से हमास, हिज्बुल्ला और हूती की वजह से सबसे चर्चित देशों में से बना हुआ है। अमेरिका, यूरोपीय देश और सऊदी अरब की भी परेशानी बढ़ रही थी। ईरान पूरी ताकत से अपने परमाणु अभियान पर भी लगा हुआ था। सभी को इस बात का भी डर था कि अगर ये सफल हो जाता है तो इस इलाके में प्रतिनिधित्व पर दावा मजबूत हो जाएगा। भारत और ईरान के संबंध काफी अच्छे थे। हाल ही के दिनों में चाबहार डील हुई थी। ऐसे में इब्राहिम रायसी की मौत का भारत और ईरान के संबंधों पर क्या असर डाल सकता है, ये देखने वाली बात होगी। चाबहार परियोजना के लिहाज से ईब्राहिम रायसी का चार साल का कार्यकाल बहुत अहम था। चाबहार परियोजना कई मुश्किलों के बावजूद तेजी से आगे बढ़ी। आगे के प्रोजेक्शन को लेकर देखना होगा कि आने वाले नए राष्ट्रपति इसे कैसे ले जाते हैं। नॉर्थ साउथ कॉरिडोर रूस के बॉर्डर से लेकर ईरान के चाबहार तक जाता है। ये डील मोदी सरकार के 2014 में आने के एक साल बाद हुई। ये पोर्ट तो तैयार हो चुका था लेकिन कौन इसको ऑपरेट करेगा? इसके ऊपर संशय बनी हुई थी। ईरान के ऊपर ट्रंप सरकार की तरफ से कई प्रतिबंध भी लगाए गए। लेकिन अब कौन इसे ऑपरेट करेगा वो पिछले हफ्ते साफ हो गया था। या है 10 साल वाली डीलभारत ने ईरान के चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को 10–वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इससे भारत को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। इस बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।क्या है चाबहार पोर्ट चाबहार पोर्ट को अंतरराष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन गलियारे के एक अहम सेंटर की पेश किया गया है। यह प्रॉजेक्ट भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, सेंट्रल एशिया और यूरोप के बीच माल–ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबा प्रोजेक्ट है। सरकार ने साल 2024– 2025 के लिए चाबहार के लिए 100 करोड़ आवंटित भी किए थे। बंदरगाह को इंटरनैशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के साथ जोड़े जाने के बाद भारत की कनेक्टिविटी ईरान के जरिए सीधे रूस तक होगी। इससे पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक पहुंच बन जाएगी।

# ताइवान के नए राष्ट्रपति ने चीन से सैन्य धमकियां न देने का अनुरोध किया



ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग–ते ने पद संभालने के बाद अपने पहले भाषण में चीन से इस स्वरूशासित द्वीप के खिलाफ सैन्य धमकी न देने का अनुरोध किया। चीन, ताइवान पर अपना दावा जताता है। लाई ने इस साल की शुरुआत में चुनाव जीतने के बाद सोमवार को एक समारोह में पद की शपथ ली।ताइपे। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग–ते ने पद संभालने के बाद अपने पहले भाषण में चीन से इस स्वरूशासित द्वीप के खिलाफ सैन्य धमकी न देने का अनुरोध किया। चीन, ताइवान पर अपना दावा जताता है। लाई ने इस साल की शुरुआत में चुनाव जीतने के बाद सोमवार को एक समारोह में पद की शपथ ली।वह अपेक्षाकृत उदारवादी नेता हैं जिनसे चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश करते हुए ताइवान की वास्तविक स्वतंत्रता नीति को जारी रखने की उम्मीद है। उन्होंने साई इंग–वेन का स्थान लिया है जिन्होंने कोविड–19 महामारी और चीन की बढ़ती सैन्य धमकियों के बावजूद आठ साल तक देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का नेतृत्व किया।

# रायसी का हेलीकाप्टर क्रैश! बुलाई गई इमरजेंसी मीटिंग, कौन बनेगा ईरान का नया राष्ट्रपति ?





इस्लामिक गणराज्य के संविधान के अनुच्छेद 131 के अनुसार, यदि किसी राष्ट्रपति की कार्यालय में मृत्यु हो जाती है तो पहला उपराष्ट्रपति पदभार संभालेगा। हालाँकि, इस मामले पर अंतिम फैसला देश के सर्वोच्च नेता का होगा। डॉ. मोहम्मद मोखबर वर्तमान में ईरान के पहले उपराष्ट्रपति का पद संभाल रहे हैं। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और देश के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर ईरान के पहाड़ी उत्तर–पश्चिमी इलाकों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रायसी और उसमें सवार अन्य लोग संभावित दुर्घटना के 12 घंटे से अधिक समय बाद तक लापता रहे। बाद में तुर्की ड्रोन फुटेज से पता चलता है कि हेलीकॉप्टर पहाड़ों में गिर गया। बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। फिर आज सुबह खबर आई कि ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई है, ईरानी राज्य मीडिया ने पुष्टि की है। रायसी, उनके विदेश मंत्री होसैन अमीराबडोलहियन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनास्थल पर कोई जीवित नहीं बचा पाया गया।कट्टरपंथी धार्मिक मौलवी का जन्म 1960 में पूर्वी शहर मशहद में एक कट्टर धार्मिक परिवार में हुआ था, जो ईरान की 1979 की इस्लामी क्रांति के उत्साह से अत्यधिक प्रभावित था। अपने करियर के शुरुआती चरण में रायसी को अयातुल्ला खामेनेई के शिष्य के रूप में जाना जाता था और अंततः कई शहरों में अभियोजक के रूप में सेवा करते हुए न्यायपालिका के रैंक पर चढ़ गए। रायसी अंततः सरकार में सबसे शक्तिशाली भूमिकाओं में से एक तक पहुंचेरू न्यायपालिका के प्रमुख। वहां वह असंतुष्टों पर अत्याचार करते हुए सत्तारूढ़ शासन का बचाव करने में कामयाब रहे।कौन बनेगा अगला राष्ट्रपति इस्लामिक गणराज्य के संविधान के अनुच्छेद 131 के अनुसार, यदि किसी राष्ट्रपति की कार्यालय में मृत्यु हो जाती है तो पहला उपराष्ट्रपति पदभार संभालेगा। हालाँकि, इस मामले पर अंतिम फैसला देश के सर्वोच्च नेता का होगा। डॉ. मोहम्मद मोखबर वर्तमान में ईरान के पहले उपराष्ट्रपति का पद संभाल रहे हैं। नियुक्ति के बाद, प्रथम उपराष्ट्रपति, संसद के अध्यक्ष और न्यायपालिका के प्रमुख से बनी एक परिषद अधिकतम 50 दिनों की अवधि के भीतर नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव की व्यवस्था करने के लिए बाध्य है।

# 30 हजार का कत्ल–ए–आम, अमेरिका लगा चुका है प्रतिबंध, कौन थे ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी



रायसी के कार्यकाल के दौरान ही अप्रैल में तेहरान द्वारा अभूतपूर्व मिसाइल और ड्रोन हमला शुरू करने के बाद ईरान ने पहली बार इजराइल के साथ सीधे संघर्ष में प्रवेश किया। यह प्रतिक्रिया तब आई जब इजराइल ने कथित तौर पर दमिश्क में ईरानी दूतावास परिसर पर हवाई हमला किया, जिसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई। 1994 में तेहरान के अभियोजक जनरल से लेकर देश के मुख्य न्यायाधीश तक ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी कट्टरपंथी मौलवी इब्राहिम रायसी ने 2021 में राष्ट्रपति बनने से पहले कई उपलब्धियां हासिल की हैं। हालाँकि, रायसी का कार्यकाल 2022 में 22 वर्षीय महिला महसा अमिनी की हिरासत में मौत के साथ–साथ गाजा में युद्ध पर सरकार विरोधी विरोध प्रदर्शनों को लेकर चुनौतियों से भरा रहा है। रायसी के कार्यकाल के दौरान ही अप्रैल में तेहरान द्वारा अभूतपूर्व मिसाइल और ड्रोन हमला शुरू करने के बाद ईरान ने पहली बार इजराइल के साथ सीधे संघर्ष में प्रवेश किया। यह प्रतिक्रिया तब आई जब इजराइल ने कथित तौर पर दमिश्क में ईरानी दूतावास परिसर पर हवाई हमला किया, जिसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई। इब्राहिम रईसी का संक्षिप्त परिचय इब्राहिम रईसी ने न्यायपालिका में विभिन्न पदों पर काम किया है और सुप्रीम लीडर का चुनाव करने वाली काउंसिल ऑफ एक्सपर्ट के सदस्य और फिर चेयरमैन भी रह चुके हैं। 2017 में हसन रूहानी के खिलाफ राष्ट्रपति पद के चुनाव में उन्हें केवल 38.5 फीसद वोट मिले थे। लेकिन चुनाव हारने के बावजूद रईसी को मार्च 2019 में आयतुल्लाह अली खघमनेई ने न्यायपालिका का प्रमुख बना दिया था। 30 हजार का कत्ल–ए–आम 1980 में राईसी करज की क्रांतिकारी अदालत के अभियोजक बने। 20 साल की उम्र में राईसी की तैनाती तेहरान के पश्चिम में कर दी गई थी। 1988 में उन्हें प्रमोट करके डिप्टी प्रौसेक्यूटर बनाया गया। पीपुल्स मुजाहिद्दीन से जुड़े कैदियों को मारने की समिति के सदस्य बनाए गए। राईसी उस समिति के सदस्य थे जिसके आदेश पर जेल में बंद करीब तीस हजार कैदियों को गोली मार दी गई थी। महिलाओं और बच्चों को भी तब नहीं छोड़ा गया था। पूरी दुनिया में ईरान के इस कदम की आलोचना हुई थी। तभी से रईसी ईरान के कट्टर मौलवियों की लिस्ट में शामिल हो गए थे। अमेरिका लगा चुका है प्रतिबंध रईसी पहले ईरानी राष्ट्रपति है जिन पर पदभार संभालने से पहले ही अमेरिका प्रतिबंध लगा चुका है। उनपर यह प्रतिबंध 1988 में राजनीतिक कैदियों की सामूहिक हत्या के लिये तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना झेलने वाली ईरानी न्यायपालिका के मुखिया के तौर पर लगाया गया था। वर्ष 2017 में हुए चुनाव में रायसी ने भी चुनाव लड़ा था लेकिन उदारवादी रुहानी ने उन्हें भारी मतों से हरा दिया था। रायसी को 38 फीसदी वोट मिले थे, वहीं रुहानी को 57 प्रतिशत वोट मिले थे। राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल ईरान के राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल विवादास्पद और उतार–चढ़ाव वाला रहा है। 2022 में 22 वर्षीय महिला महसा अमिनी की हिरासत में मौत के बाद ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध की लहर दौड़ गई, जिसे कथित तौर पर देश के सख्त इस्लामी ड्रेस कोड का पालन नहीं करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद के महीनों में ईरान के मौलवी शासकों को 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक से निपटते देखा गया। अधिकार समूहों ने दावा किया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में सैकड़ों प्रदर्शनकारी मारे गए। रायसी के तहत, ईरान ने भी यूरेनियम संवर्धन में वृद्धि की, जिसे डोनाल्ड ट्रम्प के 2015 के परमाणु समझौते से मुकरने के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

# इरान के राष्ट्रपति Ebrahim Raisi की हेलीकाप्टर क्रैश में हुई मौत, विदेश मंत्री भी नहीं बच



समाचार एजेंसी रायटर्स ईरानी अधिकारी के हवाले से इसकी जानकारी साझा की है। दरअसल दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पास पहुंची रेस्क्यू टीम ने दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया है। कई घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच सकी है जिसके बाद बेहद कम उम्मीद है कि इस हादसे में कोई जीवित बचा होगा।ईरान से एक दुखद खबर सामने आ रही है। ईरान में एक हेलीकॉप्टर हादसा हो गया है जिसमें ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हुई है। समाचार एजेंसी रायटर्स ईरानी अधिकारी के हवाले से इसकी जानकारी साझा की है। दरअसल दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पास पहुंची रेस्क्यू टीम ने दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया है। कई घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच सकी है जिसके बाद बेहद कम उम्मीद है कि इस हादसे में कोई जीवित बचा होगा। इस हेलीकॉप्टर में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके विदेश मंत्री यात्रा कर रहे थे। इसी बीच बर्फीले मौसम के कारण पहाड़ी इलाके में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ईरान की मीडिया की माने तो बचाव दल ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर को पहचान है। रेस्क्यू टीम को अब तक किसी जीवित व्यक्ति का सुराग नहीं मिला है। रेस्क्यू टीम को पहुंचने में लगे 17 घंटेजानकारी के मुताबिक यह हादसा अजरबैजान के पहाड़ी इलाके में हुआ था। ऐसे में पहाड़ी इलाका होने के कारण और रात भर चली बर्फीले तूफान के बीच रेस्क्यू टीम को काफी संघर्ष करना पड़ा। रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर 17 घंटे के बाद पहुंची है जिसका मुख्य कारण खराब मौसम रहा।बता दें कि यह दुर्घटना ऐसे समय में हुई है जब रईसी और सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने बीते महीने ही इसराइल पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे।इसके अलावा ईरान का यूरेनियम संवर्धन भी हथियार बनाने के लिए आवश्यक स्तर के करीब पहुंच गया है। ईरान को खराब अर्थव्यवस्था और महिला अधिकारियों को लेकर उसके शिया धर्मतंत्र के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन का सामना भी करना पड़ा है जिससे मद्देनजर इस हादसे के परिणाम तेहरान और देश के भविष्य के लिए कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। सरकारी टीवी ने कहा कि ''हार्ड लैंडिंग'' की यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) दूर उत्तर–पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा से सटे जुल्फा शहर के निकट हुई। बाद में हालांकि टीवी ने बताया कि यह घटना उजी के निकट हुई है लेकिन इससे जुड़ी जानकारियां अभी तक विरोधाभासी हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' की खबर के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी तथा अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे।

# अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सउदी अरबीया के क्राउन प्रिंस ने सुरक्षा समझौते को लेकर की चर्चा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात कर चर्चा की। सऊदी अरब ने इस चर्चा को दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा समझौते के 'सेमी–फाइनल' संस्करण के रूप में वर्णित किया है। सऊदी अरब ने सरकारी 'सऊदी प्रेस एजेंसी' ने इसकी घोषणा की। दुबई । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने रविवार तड़के सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात कर चर्चा की। सऊदी अरब ने इस चर्चा को दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा समझौते के 'सेमी–फाइनल' संस्करण के रूप में वर्णित किया है। सऊदी अरब ने सरकारी 'सऊदी प्रेस एजेंसी' ने इसकी घोषणा की। इसके पहले हमास की ओर से पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण रणनीतिक समझौता नहीं हो सका था। हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजराइल की ओर से किए गए जवाबी हमले में अब तक 35 हजार से अधिक फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। इससे सुरक्षा समझौते पर खतरा मंडरा रहा था, जिसमें सऊदी अरब की ओर से 1948 में स्थापना के बाद से पहली बार इजराइल को कूटनीतिक रूप से मान्यता दिया जाना शामिल था। सऊदी अरब की सरकारी मीडिया ने हालांकि धहरान में जेक सुलीवान और मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुई इस मुलाकात की कोई तस्वीर जारी नहीं की है। सऊदी अरब की मीडिया ने इस मुलाकात के बाद एक बयान जारी कर कहा,'' सऊदी अरब और अमेरिका के बीच रणनीतिक समझौतों के मसौदे के सेमी–फाइनल संस्करण, जिसे लगभग अंतिम रूप दिया जा रहा है, पर चर्चा की गई। इस बात पर भी चर्चा हुई कि एक विश्वसनीय तरीका खोजने



# मध्य गाजा में इजराइल के हवाई हमले में 27 लोगों की मौत



वहीं, फलस्तीनी रेड क्रिसेंट आपात सेवा के अनुसार नुसिरत की एक सड़क पर एक अलग हमले में पांच लोग मारे गए। अस्पताल के अनुसार, हमास संचालित पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी भी देर अल–बला में मारे गए। मध्य गाजा में एक इजराइली हवाई हमले में 27 लोग मारे गए और हमास के साथ आठ महीने से चल रही लड़ाई ने रविवार को और जोर पकड़ लिया। हालांकि, युद्ध के बाद गाजा में कौन शासन करेगा, इस सवाल पर इजराइली नेता बंटे हुए हैं।प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपनी 'वार कैबिनेट' के दो अन्य सदस्यों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा। उनके मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गांत्ज ने कहा है कि युद्ध के बाद गाजा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशासन को शामिल करते हुए आठ जून तक एक योजना नहीं बनाई जाती है तो वह सरकार से बाहर हो जाएंगे।अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के नेतन्याहू और अन्य इजराइली नेताओं से रविवार को मिलने की उम्मीद है ताकि इजराइल को मान्यता देने के लिए सऊदी अरब के साथ एक महत्वाकांक्षी अमेरिकी योजना पर चर्चा की जा सके।इस मुलाकात का उद्देश्य फलस्तीनी प्राधिकरण को गाजा पर शासन में मदद करना भी है। देर अल–बला के अल–अक्सा मार्टिर हॉस्पिटल के अनुसार, मध्य गाजा के फलस्तीनी शरणार्थी शिविर नुसिरत में हुए हवाई हमले में 27 लोग मारे गए, जिनमें 10 महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।वहीं, फलस्तीनी रेड क्रिसेंट आपात सेवा के अनुसार नुसिरत की एक सड़क पर एक अलग हमले में पांच लोग मारे गए। अस्पताल के अनुसार, हमास संचालित पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी भी देर अल–बला में मारे गए।

# प्तंद के राष्ट्रपति को ले जा रहे Helicop-ter को आपात स्थिति में उतारा गया

ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया है। सरकारी टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर–पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जुल्फा शहर के निकट हुई है।दुबई । ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया है। सरकारी टेलीविजन की खबर में रविवार को यह जानकारी दी गई है। खबर में हालांकि तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे।

# एमएस धोनी के आईपीएल से संन्यास पर सीएसके सीईओ काशी विश्वानाथन ने किया बड़ा खुलासा,



सीईओ काशी विश्वानाथन भी धोनी के संन्यास को लेकर अभी तक अंजान हैं। उन्होंने क्रिकबज से बातचीत में कहा कि, धोनी ने उन्हें कुछ नहीं बताया है। माही अक्सर अपने निर्णय अचानक ही लेते हैं। पहले भी उन्होंने ऐसा किया है। माही ने साल 2019 में 15 अगस्त के दिन अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स का सफर आरसीबी के हाथों मिली हार के साथ ही खत्म हो गया है। वहीं अब फैंस के मन में बड़ा सवाल है कि क्या एमएस धोनी का ये आखिरी मैच था? क्योंकि धोनी के भविष्य को लेकर हर जगह चर्चा है। इसी कड़ी में सीएसके के सीईओ काशी विश्वानाथ ने खुलासा किया है। दरअसल, सीईओ काशी विश्वानाथन भी धोनी के संन्यास को लेकर अभी तक अंजान हैं। उन्होंने क्रिकबज से बातचीत में कहा कि, धोनी ने उन्हें कुछ नहीं बताया है। माही अक्सर अपने निर्णय अचानक ही लेते हैं। पहले भी उन्होंने ऐसा किया है। माही ने साल 2019 में 15 अगस्त के दिन अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विश्वनाथन ने कहा कि, वैसे भी वो हमें ऐसी बातें नहीं बताते हैं, बस वह निर्णय ले लेते हैं। एमएस धोनी की फिटनेस भी शायद साथ नहीं दे रही है। इस आईपीएल सीजन भी वह घुटने के दर्द से परेशान रहे थे। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग समेत कई टीम सदस्यों ने भी ये स्वीकार किया था कि धोनी लगातार दर्द से जूझ रहे हैं बावजूद इसके उन्होंने पूरा सीजन खेला है।

# मैकगुर्क–शार्ट होंगे आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी रिपोर्ट

जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। बाईस वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिये शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है।आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। बाईस वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिये शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि आस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिये डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं।बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने आस्ट्रेलिया के लिये पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार ,'' आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं।''आस्ट्रेलियाई टीम बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी।



उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं। हेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल प्लेआफ खेलने के बाद टीम से जुड़ेंगे। आस्ट्रेलिया को पांच जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ पहला मैच खेलना है।

# आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा कहा व्यूज के चक्कर में खिलाडियों की निजता का कर रहे है उल्लंघन

रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा ,'' मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है।'' नयी दिल्ली। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जायेगा। रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर



आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा ,'' मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है।'' उन्होंने आगे लिखा ,'' क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर अपने दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों।'' दर्शकों की संख्या बढाने के लिये मीडिया और सोशल मीडिया पर मची होड़ से निराश भारतीय कप्तान ने कहा ,'' एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों , क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जायेगा।'' रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे। बातचीत की रिकॉर्डिंग करते देख उन्होंने हाथ जोड़कर प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा था, '' भाई ऑडियो बंद करो, 'ऑलरेडी' एक ऑडियो ने मेरा वाट लगा दिया है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेलेगी। पांच बार की चौम्पियन मुंबई इंडियंस की कप्तानी से आईपीएल के इस सत्र में उन्हें हटाकर हार्दिक पंड्या को कमान सौंपी गई लेकिन टीम आखिरी स्थान पर रहकर प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी।

# बारिश के कारण केकेआर बनाम राजस्थान रायल्स मैच रद्द



गीली आउटफील्ड के कारण इसे सात सात ओवर का कराने का फैसला लेने के तुरंत बाद बारिश आ गयी और मैच रद्द करना पड़ा। केकेआर नौ जीत से 20 अंक लेकर पहले स्थान पर रही, उसे दो मैच रद्द होने से एक एक अंक और मिले। गुवाहाटी। बारिश के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग मैच टॉस होने के बाद रद्द करना पड़ा। गीली आउटफील्ड के कारण इसे सात सात ओवर का कराने का फैसला लेने के तुरंत बाद बारिश आ गयी और मैच रद्द करना पड़ा। केकेआर नौ जीत से 20 अंक लेकर पहले स्थान पर रही, उसे दो मैच रद्द होने से एक एक अंक और मिले। दिन के दोपहर के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (17 अंक) की पंजाब किंग्स पर चार विकेट की जीत के बाद संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (17 अंक) अंक तालिका में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गई थी जिससे वह इसी स्थान पर कायम रही। सनराइजर्स हैदराबाद बेहतर रन रेट 0.414 से राजस्थान रॉयल्स (0.273) से आगे दूसरे स्थान पर रही। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 14 अंक से चौथे स्थान पर रही। अब 21 मई (मंगलवार) को पहले क्वालीफायर में केकेआर का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के बीच 22 मई को एलिमिनेटर खेला जायेगा। ये दोनों मैच अहमदाबाद में ही होंगे।

# आरसीबी के चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी दिनेश कार्तीक

कार्तिक ने आरसीबी की विज्ञप्ति में कहा ,'' लोग कुछ सफर को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीतने थे। लोग इस टीम को याद रखेंगे।'' उन्होंने कहा ,'' इस टूर्नामेंट में हर साल सात मैचों के बाद ऐसी एक या दो टीमें जो सिर्फ एक या दो मैच जीती होंगी, हमें याद करके कहेंगी कि आरसीबी ने यह कर दिखाया था और हम भी कर सकते हैं।''बेंगलुरू। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। फाफ डु प्लेसी की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को गत चौम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर चौथा स्थान हासिल किया। कार्तिक ने आरसीबी की विज्ञप्ति में कहा ,'' लोग कुछ सफर को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीतने थे। लोग इस टीम को याद रखेंगे।'' उन्होंने कहा ,'' इस टूर्नामेंट में हर साल सात मैचों के बाद ऐसी एक या दो टीमें जो सिर्फ एक या दो मैच जीती होंगी, हमें याद करके कहेंगी कि आरसीबी ने यह कर दिखाया था और हम भी कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' आप इसी के लिये क्रिकेट खेलते है जिसमें लोग आपका अनुकरण करेंगे और विश्वास करें कि वे भी कुछ खास कर सकते हैं।

# आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स का सपना तोड़ा, बेंगलुरु ने 9वीं बार प्लेआफ के लिए किया क्वालीफाई

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए हाई वोल्टेज मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रनों से हरा दिया । वहीं आरसीबी शीर्ष क्रम की शानदार बल्लेबाजी के बाद अंतिम ओवर में यश दयाल की गेंदबाजी ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी और अंतिम टीम बनी। जबकि चेन्नई का सपना टूट गया।शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए हाई वोल्टेज मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रनों से हरा दिया । वहीं आरसीबी शीर्ष क्रम की शानदार बल्लेबाजी के बाद अंतिम ओवर में यश दयाल की गेंदबाजी ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी और अंतिम टीम बनी। जबकि चेन्नई का सपना टूट गया।कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी हैं। कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) की अगुआई में शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने पांच विकेट पर 218 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। फिर उसके गेंदबाजों ने सीएसके को 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन पर रोक दिया और लगातार छठी जीत से प्लेऑफ का टिकट कटाया। सीएसके रचिन रविंद्र (61 रन, 37 गेंद, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और रविंद्र जडेजा (नाबाद 42 रन) के योगदान और अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी के 25 रन के बावजूद प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। आरसीबी के लिए यश दयाल ने 42 रन देकर दो विकेट झटके और अंतिम ओवर में सीएसके को 17 रन बनाने से महरूम कर उसकी क्वालीफाई करने की उम्मीदों को तोड़ दिया। मेजबान टीम के मजबूत स्कोर के लिए डुप्लेसी (39 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के अलावा विराट कोहली (47 रन, 29 गेंद), रजत पाटीदार (41 रन, 23 गेंद) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 38, 17 गेंद) ने योगदान दिया। प्लेऑफ क्वालीफिकेशन की समीकरण के अनुसार आरसीबी को कट में जगह बनाने के लिए कम से कम 18 रन से जीत की जरूरत थी। सीएसके आरसीबी से हारने के बावजूद 200 से अधिक रन का स्कोर बनाकर या फिर मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से क्वालीफाई कर लेती। सीएसके की शुरूआत काफी खराब रही जिसने पारी की पहली ही गेंद पर अपने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ का विकेट गंवा दिया जिन्हें ग्लेन मैक्सवेल (25 रन देकर एक विकेट) ने यश दयाल के हाथों कैच आउट कराया। डेरिल मिचेल छह गेंद ही खेल पाये थे कि यश दयाल ने तीसरे ओवर में पवेलियन लौटा दिया। कोहली ने उनका कैच लपका। अजिंक्य रहाणे और रचिन रविंद्र तीसरे विकेट के लिए 41 गेंद में 66 रन की साझेदारी कर अच्छे दिख रहे थे। लेकिन लॉकी फर्ग्यूसन (39 रन देकर एक विकेट) ने रहाणे को आउट कर इस भागीदारी का अंत किया। रहाणे ने 22 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 33 रन का योगदान दिया और 85 रन के स्कोर पर आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी रहे। सीएसके का स्कोर 10 ओवर में तीन विकेट पर 87 रन था और उसे प्लेऑफ क्वालीफाई करने के लिए अंतिम 10 ओवर में 114 रन की दरकार थी। रचिन रविंद्र और शिवम दुबे क्रीज पर थे। 12वें ओवर में रचिन रविंद्र ने फर्ग्यूसन पर डीप मिडविकेट पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया और अगली गेंद को फिर थर्ड मैन पर छक्के के लिये भेज दिया। 13वें ओवर में काफी ड्रामा हुआ जिसकी अंतिम गेंद पर रचिन रविंद्र गफलत में रन आउट हो गये जबकि दो गेंद पहले ही मोहम्मद सिराज ने दुबे का ऊंचा कैच छोड़ दिया था। सीएसके पर दबाव बढ़ता जा रहा था और अगले ओवर में ग्रीन की गेंद पर दुबे आउट हो गये। आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। 15वें ओवर में डुप्लेसी ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर उछलकर मिचेल सैंटनर का शानदार कैच लपककर सीएसके को छठा झटका दिया। अब धोनी उतरे और दूसरे छोर पर थे रविंद्र जडेजा। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 27 गेंद में 61 रन की भागीदारी निभा ली। टीम को क्वालीफाई करने के लिए अंतिम 12 गेंद में 35 रन चाहिए थे। 19वें ओवर में दो चौके और एक छक्के से 18 रन बने। अंतिम ओवर में 17 रन चाहिए थे। धोनी ने पहली गेंद पर गगनदायी छक्का जड़ा और अगली गेंद पर आउट हो गये। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज कोहली और डुप्लेसी ने अच्छी शुरूआत कर बिना किसी नुकसान के 31 रन बना लिये थे, तभी बारिश की वजह से 40 मिनट खेल रोकना पड़ा। बारिश के ब्रेक के बाद सीएसके ने स्पिनरों को लगा दिया और गेंद टर्न लेने लगी जिससे बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में परेशानी हुई। महीश तीक्ष्णा (25 रन देकर कोई विकेट नहीं) और मिचेल सैंटनर (23 रन देकर एक विकेट) ने बल्लेबाजों को परेशान किया। आरसीबी ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 42 रन बनाये। कोहली के आउट होने से आरसीबी का स्कोर 10 ओवर में एक विकेट पर 78 रन हो गया जिन्होंने सैंटनर की गेंद पर डेरिल मिशेल को कैच देकर आउट होने से पहले दो और छक्के जड़े।डुप्लेसी ने रविंद्र जडेजा (तीन ओवर में 40 रन) के तीसरे ओवर में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 20 रन बनाये और इसके बाद 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। रजत पाटीदार (41) ने तीक्ष्णा पर छक्का जड़ा। पर भाग्य ने साथ नहीं दिया और 13वें ओवर में डुप्लेसी रन आउट हो गए। लेकिन पाटीदार ने आक्रमकता जारी रखी और सिमरजीत सिंह पर एक चौका और एक छक्का लगाया। वहीं ठाकुर ने 17 रन लुटा दिये जिसमें ग्रीन ने लांगआन पर एक छक्का जड़कर टीम के 150 रन पूरे किये। गायकवाड़ ने ग्रीन को जीवनदान दिया और पाटीदार ने दबाव बनाना जारी रखा तथा देशपांडे पर दो छक्के लगा दिये।इसके बाद ग्रीन ने ठाकुर पर लगातार छक्के लगाये। ठाकुर ने पाटीदार को कैच आउट कराया। दिनेश कार्तिक (14) और ग्लेन मैक्सवेल (16) ने शानदार खेल दिखाते हुए स्कोर बढ़ाने में मदद की।

# बोटोक्स ज्यादा बेहतर या डर्मल फिलर्स, स्किन की सेहत दमदार रखने के लिए कौन ज्यादा कारगर ? बजट के हिसाब से जानें



हर कोई चेहरे को खूबसूरत बनाना चाहता है. इसके लिए लोग कई प्रयास भी करते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें असर नहीं होता है. अगर आप भी सॉफ्ट और बेदाग त्वचा पाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है. पिछले कुछ सालों से बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स दोनों का चलन काफी बढ़ गया है. कई लड़कियां जमा दिखाने के लिए इन ब्यूटी ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करती है. बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स दोनों ही त्वचा की सेहत को दमदार बनाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं. लेकिन इसमें कुछ अंतर है.बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स का उपयोग

बोटॉक्स एक न्यूरोटॉक्सिन है, जो फेस की मांसपेशियों की गतिविधि को कम करता है. इससे झुर्रियां कम दिखाई देती हैं. वहीं डर्मल फिलर्स ये इंजेक्टेबल पदार्थ होते हैं, जो त्वचा में खोए हुए आयतन को भरकर, झुर्रियों और रेखाओं को कम करता है. बोटॉक्स का उपयोग माथे की रेखा, नाक के चारों ओर बनी रेखा, डिंपल थोड़ी और गर्दन के बैंड पर किया जाता है. वहीं डर्मल फिलर्स का उपयोग होठों और गालों को बढ़ाने, नाक को नया आकार देने और घावों में सुधार करने के लिए किया जाता है.बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स बजटबात करें इसके बजट की, तो बोटॉक्स, डर्मल फिलर्स की तुलना में प्रति यूनिट थोड़ा काम खर्चीला होता है, लेकिन डर्मल फिलर्स उपचार और उपयोग के लिए बोटॉक्स से थोड़ा ज्यादा महंगा होता है. बोटॉक्स 3 से 6 महीने तक रहता है, तो डर्मल फिलर्स 6 महीने से 2 साल तक रह सकते हैं. वैसे तो बोटॉक्स सुरक्षित माना जाता है लेकिन कुछ लोगों को इससे साइड इफेक्ट हो सकते हैं. जैसे सूजन, सिर दर्द, पिंपल्स, लालिमा आदि.वही डर्मल फिलर्स भी समान सुरक्षित होते हैं, लेकिन कुछ लोगों की त्वचा पर यह सूट नहीं हो पता है, जिससे उन्हें एलर्जी हो सकती है. अगर आप झुर्रियों को कम करना चाहते हैं, तो आपके लिए बोटॉक्स बेस्ट ऑप्शन रहेगा. लेकिन आप खोई हुई मात्रा को भरना चाहते हैं या गहरी करना चाहते हैं तो आपके लिए डर्मल फिलर्स सही रहेगा. ध्यान रहे कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें

# गर्मियों में खाएं ये फल, पेट और दिमाग दोनों रहेगा ठंडा

इस साल की शुरुआत से ही गर्मी का पारा चढ़ गया था. दोपहर के धूप ने इस महीने से ही लोगों को घर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है. लेकिन कुछ लोगों को गर्मियों में काम के लिए बाहर निकलना पड़ता है. ऐसे में अपना खास ख्याल रखना काफी जरूरी है जिसके लिए अपने खानपान को बेहतर रखना. गर्मी के समय में कई मौसमी फल आते हैं, जो आप को गर्मी से बचा सकते हैं. ऐसे मौसम में हमे उन फलों को खाना चाहिए जो पल पानी से भरपूर हो. गर्मियों में ताजगी और सुगंधित फलों का सेवन करना शानदार रहता है. ये फल आपको ठंडक प्रदान करते हैं और आपको गर्मियों के दौरान ठंडा और ताजगी देते हैं. यहाँ कुछ ऐसे फल हैं जो आप गर्मियों में खा सकते हैं. ये फल आपको गर्मियों के मौसम में ठंडक प्रदान करते हैं और स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं. गर्मियों में तरबूज, आम,और लीची ये फल गर्मियों के मौसम में बाजार में बिकने लगते हैं और इन फलों में पानी की



भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इसलिए गर्मी में तरबूज का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है. इन फलों में पोटेशियम भी पाया जाता है जो शरीर के लिए लाभदायक है.खीरारू खीरा में गर्मियों के मौसम के लिए हीरा माना जाता है क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होता है. पानी अधिक होने के साथ–साथ इसमें कैलोरी की मात्रा भी बहुत कम होता है.जो शरीर के तापमान को संतुलित रखने में काफी मदद करता है.पुदीनारू पुदीना गर्मियों के मौसम में आपको तरोताजा महसूस करने में काफी मददगार होता है.इस मौसम में पाचन के लिए पुदीना का कोई तोड़ नहीं हैं. हालांकि पुदीना गर्मी के मौसम में आपके लिए वरदान साबित हो सकता है.दहीरू दही एक ठंडा खाद्य पदार्थ है जो आपको गर्मी से बचने के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है. ये इम्यूनिटी,पाचन और हेल्थ के साथ कई अन्य फायदे के लिए जाना जाता है. इसके सेवन गर्मियों में सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है.नारियल पानीरू नारियल पानी में पोटेशियम,मैग्नीशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट पाये जाते हैं. यह शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करते है. इसलिए नारियल पानी को गर्मियों के मौसम में शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है.संतरारू संतरा एक और सुपर फूड है जो गर्मियों के मौसम में आपको लाभ पहुंचाता है.संतरा विटामिन सी का अच्छा स्रोत होता है

# देवरा के फियर सान्ग में दिखा जूनियर एनटीआर का स्वैग

तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म देवरारू पार्ट वन के बहुप्रतीक्षित पहले सिंगल का टीजर जारी किया है, जिसका नाम फियर सॉन्ग है. इस गाने को अनिरुद्ध रविचंदर ने गाया है. यह दमदार ट्रैक आज 19 मई को आरआरआर स्टार के 41वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर रिलीज किया जाएगा.

20 मई को जूनियर एनटीआर अपना 41वां जन्मदिन मनाएंगे. उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मेकर्स ने आज 19 मई को सिंगल फियर सॉन्ग रिलीज करने का फैसला किया है. हालांकि, उम्मीदों को आसमान पर रखते हुए, जूनियर एनटीआर ने खुद गाने से एक धमाकेदार प्रोमो साझा किया है. इसके अलावा, झलक में अनिरुद्ध रविचंदर को गीत गाते हुए भी दिखाया गया है.एनटीआर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर टीजर साझा करते हुए लिखा, 19 मई से फियर सॉन्ग...देवरा. 14–सेकंड के प्रोमो में जूनियर एनटीआर को देवरा के किरदार को दिखाया है, जो समुद्र में अपनी सेना के साथ नजर आ रहे हैं. प्रोमो में रॉकस्टार अनिरुद्ध की भी झलक दिखाई गई है. क्लिप का अंत अंधेरी रात में समुंद्र के किनारे खड़े देवरा के साथ होती है. इससे पहले एनटीआर के खून से सने हाथ वाला एक नया पोस्टर साझा किया गया था, जिससे गाने की रिलीज के लिए उत्साह और बढ़ा दिया था.

कोराताला शिवा की निर्देशित देवरा दो भागों में रिलीज होगी. पहला भाग , जिसका नाम– देवरारू भाग 1 है, 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा जाह्नवी कपूर, सैफ अली खान भी हैं. वहीं, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, नारायण और कलैयारासन सहायक कलाकारों का हिस्सा हैं.जूनियर एनटीआर के किरदार की बात करें तो वो देवराजू उर्फ देवरा की भूमिका निभाते नजर



आएंगे, जबकि सैफ और जान्हवी क्रमशरू भैरा और थंगम के रूप में दिखाई देंगे. युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर की आवाज सुनने को मिलेगा.

# ममूटी की फिल्म टर्बो का ट्रेलर हुआ जारी, जबर्दस्त एक्शन ड्रामा देख फैंस हुए उत्साहित

इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्मों में से एक ममूटी की आगामी फिल्म टर्बो रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में ममूटी को लोकप्रिय कन्नड़ अभिनेता राज बी शेट्टी के साथ भिड़ते हुए दिखाया गया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है। आइए जानते हैं कि ट्रेलर देखने के बाद ममूटी के प्रशंसकों की क्या प्रतिक्रिया रही है।यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साल 2022 की भीष्म पर्व के बाद यह ममूटी की पहलीबड़ी मनोरंजन फिल्म है। टर्बो एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें कई चौंका देने वाले एक्शन सीन्स हैं। 12 मई को ममूटी ने ट्रेलर का यूट्यूब लिंक सोशल मीडिया पर शेयर किया था। ट्रेलर में जोस (ममूटी) का परिचय दिया गया है, जिसे सभी लोग प्यार से टर्बो जोस कहते हैं। वह एक शक्तिशाली व्यक्ति (राज बी शेट्टी) से भिड़ते नजर आता है।ट्रेलर में दोनों के बीच दुश्मनी की वजह का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिमुरुगन के निर्देशक वैशाख ने टर्बो के लिए एक बार फिर ममूटी के साथ मिलकर काम किया है। पटकथा अंजाम पथिरा और अब्राहम ओजलर निर्देशक मिधुन मैनुएल थॉमस द्वारा लिखी गई है। टर्बो में कन्नड़ अभिनेता राज बी शेट्टी, तेलुगु अभिनेता सुनील और अंजना जयप्रकाश, कबीर दुहान सिंह, सिद्दीकी, शबरीश वर्मा और दिलेश पोथान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। ममूटी को आखिरी बार इसी साल मलयालम फिल्म ब्रह्मयुगम मुख्य भूमिका में देखा गया था। मेगास्टार की मुख्य भूमिका वाली इस हॉरर फिल्म का निर्देशन राहुल सदासिवन ने किया है और इसमें अभिनेता सिद्धार्थ भारतन और अर्जुन अशोकन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आए।



अभिनेता ने पिछले कुछ वर्षों में बैक–टू–बैक हिट फिल्मों के साथ शानदार प्रदर्शन किया है।

वह अगली बार स्टाइलिश एक्शन थ्रिलर बाजूका में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे

# तमिल के बाद अब हिंदी में भी रिलीज होगी तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की हारर कामेडी फिल्म अरनमनई 4

तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना स्टारर तमिल फिल्म अरनमनई 4 इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 3 मई को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब कहर बरपाया। तमिल में बवाल काटने के बाद अब यह फिल्म हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के फैंस 24 मई से आपके नजदीकी सिनेमाघरों में हिंदी में हॉरर–कॉमेडी का आनंद ले सकते हैं। तमिल वर्जन को दर्शकों के साथ–साथ क्रिटिक्स ने भी खूब सराहा है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और जल्द ही 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने को तैयार है।फिल्म ने तमिल इंडस्ट्री के रफ पैच को खत्म किया और 2024 की पहली तमिल हिट के रूप में उभरी। यह फ्रेंचाइजी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी है। बता दें, तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना स्टारर इस फिल्म ने रिलीज के 10 दिनों के अंदर ही अपना बजट वसूल कर लिया था। इसी के साथ अनरमनई 4 इस साल की सबसे बड़ी तमिल हिट बनकर सामने आई। अब ये फिल्म हिंदी में रिलीज होनी है, ऐसे में मेकर्स को फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।अरनमनई 4 तमन्ना और राशी की फिल्मोग्राफी में एक और प्रतिष्ठित फिल्म बन गई है, जिसमें कई हिट फिल्में शामिल हैं। तमन्ना और राशी के फैंस ने हॉरर–कॉमेडी में उनकी परफॉर्मेंस की सराहना की, और उनसे और अधिक प्रोजेक्ट देखने की उम्मीद कर रहे हैं। उनके गाने अचाचो को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला और यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया तमन्ना और राशी के अलावा इस सुपरहिट फिल्म में सुंदर सी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म 24 मई को हिंदी में रिलीज होगी। इसके अलावा अरनमई 4 में रामचन्द्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और के.एस. रविकुमार जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में थे। अवनी सिनेमैक्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन और लेखन सुंदर सी ने किया है।



# बक्स आफिस पर श्रीकांत बने राजुकमार राव का नहीं चला जादू, 8वें दिन और लुढकी कमाई



इस हफ्ते शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर किसी नई फिल्म ने दस्तक नहीं दी है। ऐसे में टिकट खिडकी पर इस समय एक बॉलीवुड और एक हॉलीवुड फिल्म के बीच टक्कर देखने को मिल रही है।जहां राजकुमार राव की श्रीकांत का दम निकलता दिखाई पड़ रहा है, वहीं हॉलीवुड फिल्म किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द ऐप्स कलेक्शन के मामले में इसे कड़ी टक्कर दे रही है।चलिए जानते हैं शुक्रवार को कैसा रहा दोनों फिल्मों का कारोबार।

राजकुमार के अभिनय से सजी श्रीकांत ने टिकट खिडकी पर 8 दिन पूरे कर लिए हैं। इन आठ दिनों में फिल्म अपना जादू चलाने में विफल रही है, जिसका सबूत इसकी कमाई के आंकड़ें हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, श्रीकांत ने रिलीज के 8वें दिन यानी शुक्रवार को 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।फिल्म की कमाई दिन–ब–दिन गिरती जा रही है। इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 19.20 करोड़ रुपये हो गया है। दृष्टिहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला के जीवन पर आधारित इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।पहले दिन महज 2.25 करोड़ रुपये कमाने के बाद पहले वीकेंड पर इसकी कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली थी, लेकिन इसके बाद श्रीकांत की कमाई पटरी से उतर गई थी।फिल्म ने पहले हफ्ते में कुल 17.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। तकरीबन 40 करोड़ रुपये में बनी यह फिल्म अपनी लागत निकालने में भी असफल नजर आ रही है।फिल्म की कहानी हमें बोला के जन्म से लेकर एक सफल उद्योगपति बनने तक का सफर बड़ी खूबसूरती से दिखाती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दृष्टिबाधित होने के बाद भी उन्होंने बिजनेस में सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ, जिसमें उनकी मदद कई लोगों ने की।श्रीकांत में राजकुमार के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय का जादू चलाया है। सभी के अभिनय की जमकर प्रशंसा हो रही है। राजकुमार यूं तो इस समय अपने करियर में एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन उनके पास फिल्मों की कमी नहीं है।अभिनेता जल्द ही फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी कपूर के साथ नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली है।इसके साथ ही वह श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म स्त्री 2 में एक बार फिर दर्शकों को डर के साथ हंसाते नजर आएंगे। उनके पास विक्की विद्या का वो वाला वीडियो भी है।

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज तारीख फिर टली, निर्माताओं ने वजह भी बताई

कंगना रनौत अब चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। इस बीच एक बार फिर क्वीन एक्ट्रेस की मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी पोस्टपोन हो गई है। कंगना रनौत की प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई है। मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से एक बयान जारी किया गया है, जिसमें घोषणा की गई कि फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाने की वजह लोकसभा चुनाव हैं। जारी बयान में कहा गया है, क्योंकि एक्ट्रेस देश के प्रति अपने कर्तव्य और देश की सेवा करने की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देती हैं।कंगना रनौत ने इस साल की शुरुआत में सोशल मीडिया के जरिए इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान किया था। अभिनेत्री ने एक पोस्टर शेयर करते हुए बताया था कि ये फिल्म इसी साल 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेकिन, अब प्रोडक्शन हाउस की ओर से बताया गया है कि फैंस को फिल्म के लिए अब थोड़ा और इंतजार करना होगा।प्रोडक्शन हाउस की ओर से जारी पोस्ट में लिखा है– हमारे दिल प्यार से भरे हैं, जिस तरह का प्यार कंगना रनौत को आज के समय में मिल रहा है, वो हम सभी के लिए देखना काफी खुशनसीबी की बात है। कंगना इस समय देश की सेवा करने में जुटी हुई हैं.इस समय देश के लिए उनका कमिटमेंट ही उनके लिए पहली प्रायॉरिटी है। ऐसे में हमारी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। हम वादा करते हैं कि फिल्म की नई रिलीज डेट के साथ हम आपके सामने जल्दी ही हाजिर होंगे और आपको निराश नहीं करेंगे।

# सिंघम अगेन के विलेन अर्जुन कपूर ने पूरी की शूटिंग, सेट से रोहित शेट्टी संग शेयर की दमदार तस्वीर

कॉप यूनिवर्स के टॉप डायरेक्टर रोहित शेट्टी की मोस्ट अवेटेड अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी या नहीं, यह कोई नहीं जानता, लेकिन इससे पहले फिल्म की चर्चा खूब हो रही है. सिंघम अगेन की चर्चा इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अर्जुन कपूर विलेन का रोल करने जा रहे हैं. अब अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है और एक पोस्टर शेयर कर इसकी जानकारी दी है. अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के शूटिंग सेट से फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह सिंघम अगेन के विलेन के रोल में दिख रहे हैं. इस पोस्टर को शेयर कर अर्जुन कपूर ने लिखा है, रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का विलेन, सिंघम अगेन की शूटिंग मैंने खत्म कर ली है, मेरी 20वीं फिल्म, मास सिनेमा के बॉस रोहित शेट्टी के साथ अपने करियर की अबतक की सबसे दमदार फिल्म की है, इंडियन सिनेमा की सबसे ज्यादा एंटरटेनिंग फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर खुश हूं अब बड़े पर्दे पर अपना हुनर दिखाने का इंतजार नहीं हो रहा है. वहीं, अर्जुन कपूर के इस पोस्ट पर उनकी बहन जाह्नवी कपूर ने फायर, ताली और शानदार इमोजी शेयर किए हैं. बता दें, अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार स्टारर यह फिल्म 15 अगस्त 2024 के लिए स्लेट है, लेकिन कहा जा रहा है कि फिल्म पष्पा 2 द रूल भी इस दिन रिलीज होगी और इसके चलते फिल्म की रिलीज डेट को बदला जा सकता है.



# लोकसभा चुनाव के लिए मुंबई में वोटिंग जारी, अक्षय कुमार, जान्हवी कपूर सहित तमाम सितारों ने डाला अपना वोट

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 49 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान जारी है। उत्तर प्रदेश की हाई–प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्रों जैसे कि रायबरेली और अमेठी से



लेकर महाराष्ट्र की मुंबई की छह सीटों तक, यह चरण एक महत्वपूर्ण महत्व रखता है।लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 49 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान जारी है। उत्तर प्रदेश की हाई–प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्रों जैसे कि रायबरेली और अमेठी से लेकर महाराष्ट्र की मुंबई की छह सीटों तक, यह चरण एक महत्वपूर्ण महत्व रखता है। मुंबई में मतदान से पहले, कई बॉलीवुड हस्तियों ने मतदाताओं से बाहर आने और नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य का पालन करने का आग्रह किया। एक अच्छा उदाहरण स्थापित करते हुए, अक्षय कुमार, फरहान अख्तर और जोया अख्तर जैसी हस्तियां शुरुआती मतदाताओं में से थीं, जिन्होंने सोमवार को अपना वोट डाला।

# लाल लहंगे में छलका रकुल प्रीत सिंह के हुस्न का नूर, गार्जियस लुक से नजरें हटना हुआ मुश्किल

बॉलीवुड की खूबसूरत और ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हुस्न के कायल हो जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से लोगों को इस कदर कायल किया हुआ है कि हर कोई उनकी तारीफ करते नहीं थकता है।एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। साथ ही उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।फोटोशूट के दौरान रकुल प्रीत सिंह ने रेड कलर का लहंगा और साथ ही रिवीलिंग ब्लाउज पहना हुआ था, जिसमें उनका हॉटनेस भरा अवतार देखकर लोगों की नजरें हटना मुश्किल हो गई थी।



# तन्वी शेवाले ने अपने उडने की आशा भूमिका के लिए मसाज, मैनीक्योर और पेडीक्योर वीडियो देखे

शो उडने की आशा में मसाज थेरेपिस्ट का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री तन्वी शेवाले ने अपने किरदार की तैयारियों के बारे में साझा करते हुए कहा कि स्क्रीन पर पेशेवर दिखने के लिए उन्होंने मसाज, मैनीक्योर और पेडीक्योर वीडियो देखे।रोशनी की भूमिका निभाने वाली तन्वी ने कहारू मैंने कुछ मसाज वीडियो और कुछ मैनीक्योर पेडीक्योर वीडियो देखे, और दृश्यों के लिए उनका अभ्यास किया ताकि यह नकली न लगे और पेशेवर दिखें क्योंकि वह एक पेशेवर हैं और अपने काम में अच्छी हैं।



अपनी भूमिका के बारे में अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, मेरा किरदार रोशिनी शो की समानांतर मुख्य भूमिका है। वह एक मसाज थेरेपिस्ट है और महिलाओं को घरेलू सेवाएं देती है। उसका खुद का एक पार्लर खोलने का सपना है इसलिए वह बचत करना और कमाना चाहती है। बहुत सारा पैसा। वह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी, व्यावहारिक, स्ट्रीट–स्मार्ट, बहिर्मुखी लडकी है। उसने कम उम्र में अपने जीवन में बहुत सारे सबक सीखे हैं, इसलिए वह एक मजबूत महिला भी है तेजस का जिसे आप आने वाले एपिसोड में देखेंगे। क्या उसके और रोशनी के बीच कोई समानता है, तन्वी ने कहारू रोशनी एक दूरदर्शी, स्वतंत्र और महत्वाकांक्षी लडकी है जिसके बड़े सपने हैं और मुझे लगता है कि यही वह जगह है जहां मैं उसके साथ जुड़ सकती हूं सिवाय इसके कि हम पूरी तरह से विपरीत हैं। उडने की आशा सचिन और सैली की कहानी के साथ–साथ रिश्तों और समीकरणों की पेचीदगियों को भी दर्शाती है।

# पीएम मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया, हम करोड़ों को लखपति बनाएंगे– राहुल गांधी

प्रयागराज(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। इंडिया की सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। प्रयागराज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जिले के यमुनापार करछना के मुंगारी गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा नरेन्द्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी।उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक–टकाटक साल के एक लाख रुपये, महीने के 800 रुपये हम डालेंगे। हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, आलू, गन्ना, कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएमसी) की कानूनी गारंटी हम देने जा रहे हैं। हम उनका कर्ज माफ करेंगे।कांग्रेस नेता ने कहा यह लड़ाई इस संविधान की है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस पर आक्रमण कर रहे हैं। आंबेडकर, महात्मा गांधी और नेहरू के संविधान को कोई भी शक्ति फाड़ कर फेंक नहीं सकती। यह जनता का संविधान है। उन्होंने कहा, हम बेरोजगार युवकों को साल में एक लाख रुपये देने जा रहे हैं। अग्निवीर योजना को हम कूड़ेदान में फेंकेंगे। मजदूरों को मनरेगा में 400 रुपये और आशा कार्यकर्ताओं को दोगुनी आमदनी देने जा रहे हैं।इस सभा को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जिस तरह संविधान मंथन हुआ था, एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान खत्म करना चाहते हैं एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। दस साल की सरकार में एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। किसानों की आवाज दबाने के लिए क्या–क्या नहीं किया।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा भाजपा वाले हमारी जान और संविधान के पीछे पड़े हैं। ये वैक्सीन लगाकर हमारी जान के पीछे पड़े हैं। उन्होंने कहा, इन भाजपा वालों ने सभी प्रश्नपत्र लीक करा दिए और सभी प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द करा दीं।

इन्होंने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया। हम आपको सम्मानजनक नौकरी का भरोसा दिलाते हैं। अखिलेश ने कहा, 'गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर व्यवस्था हमेशा–हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। पहले नौजवान जैसे पक्की वर्दी पहनता था, वैसी पक्की नौकरी फौज में दिलाने का काम विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' करेगा।

# पूरा इंडी गठबंधन अपने बेटे–बेटियों के लिए राजनीति करता है– अमित शाह

## सपा सरकार ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं

प्रयागराज(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा इंडी गठबंधन अपने बेटे–बेटियों के लिए राजनीति करता है। उन्होंने कहा कि लालू जी, सोनिया जी, उद्धव जी, स्टालिन अपने–अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जिले के यमुनापार मेजा तहसील के सोरांव पाती गांव में इलाहाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जो लोग अपने बेटे–बेटियों के लिए राजनीति करते हैं क्या वे आपका भला कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कहता है कि उनकी सरकार आएगी तो वे अनुच्छेद 370 फिर से लागू करेंगे, तीन तलाक वापस लाएंगे, नागरिकता संशोधन कानून हटाएंगे और परमाणु हथियार नष्ट करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये इंडी गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता। गृह मंत्री ने कहा कि ये कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकारों ने 70 साल तक राम मंदिर को अटकाए रखा। सपा सरकार ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं और हमारे रामभक्तों को मारने का काम किया। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। मोदी ने केस जीता, भूमि पूजन किया और 24 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा समारोह के साथ जय श्री राम कह दिया।उन्होंने कहा कि जब ट्रस्ट ने इन विपक्षी दलों को प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा तो वो लोग नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोनिया जी भी नहीं पहुंचीं, राहुल बाबा, अखिलेश और डिंपल भाभी भी नहीं पहुंचीं, ये इसलिए नहीं पहुंचे क्योंकि अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनके वोटबैंक आप नहीं, बल्कि वे घुसपैठिए हैं। शाह ने कहा कि मोदी ने अपने धर्म के सभी सांस्कृतिक केंद्रों को ऊर्जावान बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर रामभक्तों पर गोली चलाने वाले हैं तो दूसरी ओर राम मंदिर बनवाने वाले मोदी हैं, जनता को दोनों के बीच चुनाव करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में योगी जी की सरकार आई और उन्होंने चुन चुनकर माफियाओं को खत्म कर प्रदेश में सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम किया है।उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने, देश को सुरक्षित करने, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने, गरीबी को समाप्त करने और महान भारत की रचना करने का चुनाव है। कार्यक्रम में इलाहाबाद सीट से निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' भी मौजूद थे।

# अघोषित बिजली कटौती से लोग नाराज

## –उपकेंद्रों का घेराव शहरी क्षेत्र में लोग परेशान

मथुरा(आरएनएस)। गर्मी की वजह से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति एक बार फिर लड़खड़ा गई है। अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा फूट रहा है। नाराज ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र बाजना का घेराव कर नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि बिना सूचना के कई कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है। वहीं विभागीय अफसर कटौती का कारण लोकल फॉल्ट बता रहे हैं। स्थिति बहुत खराब है। बाजना कस्बे के बड़ा बाजार, रामनगर, गांधीनगर, महादेव गंज, रेबाडपूरा, ऊपर कोट, आर्यनगर, दाऊजी नगर, विद्युत उपकेंद्र पर रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति नहीं की जाती। कस्बे के 10 मोहल्लों में मनमानी कटौती से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने उपकेंद्र का घेराव किया। लोगों को किसी तरह आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन देकर शांत कराया गया।बाजना, पचहरा, सकतपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े करीब 60 गांवों के लोगों का कहना है कि बिजली आपूर्ति पटरी से उतर गई है। एसडीओ समर्थ श्रीवास्तव ने दावा किया कि विद्युत भार बढ़ने पर फॉल्ट निकल रहा है। विद्युत भार बढ़ने की वजह से एलटी वायर में शॉर्ट सर्किट से एचटी व ट्रांसफार्मर के टर्मिनल जल रहे हैं। समय पर मरम्मत कराने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल करने का आदेश सभी उपकेंद्रों के जेई को दिया गया है। किसी प्रकार से मनमानी कटौती नहीं की जा रही है।

# मोहिनी एकादशी पर वृंदावन में उमडी श्रद्धालुओं की भीड

## –बांके बिहारी मंदिर पर सुरक्षा कर्मियों ने दो युवकों को पकड़ा

मथुरा(आरएनएस)। धार्मिक नगरी वृंदावन में जाम का झाम लगना आम बात हो गया। चौराहे तिराहे के अलावा अब गली मोहल्ले भी जाम का शिकार होने लगे है। जिसका मुख्य कारण मंदिरों के आसपास अवैध रूप से संचालित पार्किंग भी है। जिनमे वाहन पार्क करने के नाम पर लोग अपने वाहनों को मंदिर तक ले जाने का प्रयास करते है। जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसा ही कुछ नजारा रविवार को मोहिनी एकादशी पर्व पर देखने को मिला। प्रशासन द्वारा नो एंट्री के बाद भी चौपहिया वाहन परिक्रमा मार्ग में फर्राटा मारते नजर आए। जिसके कारण नगर के प्रमुख अटल्ला चुंगी चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। जिससे परिक्रमार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कमाल की बात तो यह है, कि जहा दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाने से लोग घंटो जाम में फसे रहे। वही चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी भी अपनी ड्यूटी को लेकर लापरवाह नजर आए। वही बांके बिहारी मंदिर में मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले हैं। दोनों युवकों को मंदिर में बने कंट्रोल रूम में ले जाकर पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का नजर आ रहा है। अफवाह यह भी है, कि दोनों युवक मुस्लिम है। इस संबंध में क्षेत्राधिकार कुंवर आकाश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ समाप्त होने के बाद संपूर्ण जानकारी मीडिया को दे दी जाएगी।

# गोकुल रमणरेती में भी लगने लगा जाम

## –तपती दोपहरी में अकुलाए जाम में फंसे लोग

मथुरा(आरएनएस)। महावन, गोकुल, रमणरेती अभी तक जाम से अछूते क्षेत्र थे। तीर्थ यात्रियों की बढती संख्या से ये क्षेत्र भी अब जाम की समस्या से जूझने लगे हैं। रविवार को महावन के रमणरेती क्षेत्र में जाम लग गया। भीषण गर्मी में जाम में फंसे लोग अकुला उठे। भीषण गर्मी और तपती धूप में गोकुल रमण रेती में जाम लग गया जिससे लोग बहुत परेशान नजर आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। रविवार को गोकुल में रमण रेती रोड पर लंबा जाम लग गया। आए दिन परदेशी श्रद्धालुओं को जाम की परेशानी से जूझना पड़ता है। जाम में फंसे एक श्रद्धालु लव कुमार ने बताया कि वह एक घंटे से जाम में फंसे हुए हैं दोनों तरफ से आड़े तिरछे वाहनों की वजह से जाम लगा हुआ है और ऊपर से भीषण गर्मी और तपती धूप से काफी परेशान हैं। शासन प्रशासन को जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# भाकियू अराजनैतिक ने दी आंदोलन की चेतावनी

मथुरा(आरएनएस)। जिम्मेदारों के उदासीन रवैये का खामियाजा आम आदमी को उठाना पड़ रहा है। बाजना गौमत मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं।

इस मार्ग पर हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। सड़क पर एक से दो फुट तक गहरे गड्ढे हैं जिनमें पानी व कीचड़ भरा हुआ है शनिवार रात को इन्हीं गढ्ढो व उनमें भरे पानी के चलते गांव आजनौथ के समीप ईंटों से भरी ट्रेक्टर की ट्राली पलटने से बड़ा हादसा होते होते टल गया। सड़क की इस बदहाल स्थिति को देखते हुए अब क्षेत्र की जनता ने आंदोलन करने का मूड बना लिया है। बदहाल सड़क के चलते क्षेत्र में सभी तरह के कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला मीडिया प्रभारी शिवकुमार तौमर का कहना है कि इस समय किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क से होकर निकल रहे हैं।

## 'हमने गरीब की जमीन को माफिया से मुक्त कराया'

सीएम ने कहा कि फूलपुर की मौर्य परिवार की महिला के पति की हत्या कर माफिया ने उनकी 10 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया था। वह भटकती थी, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती थी। हमने उस परिवार को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया और कहा कि माता जी, चिंता न करो। यह भाजपा सरकार है, जो सुरक्षा भी देगी और सम्मान भी। साथ ही देशद्रोहियों व माफिया को मिट्टी में मिलाने का भी कार्य करेगी।

# 'अब दिव्य–भव्य कुंभ की तैयारी है'

सीएम ने कहा कि अगला वर्ष प्रयागराज कुंभ का है। हमारी तैयारी दिव्य–भव्य कुंभ की होगी। जितना विकास कार्य प्रयागराज में हुआ है, यह सिर्फ झलक है। इससे बड़ी योजना यहां के लिए लेकर आने वाले हैं। पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों की योजनाओं को माफिया डकार जाते थे। सपा के गुंडे गरीब का मकान हड़प जाते थे, लेकिन अब भाजपा की डबल इंजन सरकार है तो बुलेट ट्रेन की स्पीड से काम और परिणाम दिख रहा है। विकास यात्रा ऐसे ही तेजी से बढ़ती रहेगी।

## 'अनर्थ के लिए मिलती है दो लड़कों की जोड़ी'

सीएम योगी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी अनर्थ करने के लिए ही मिलती है। अयोध्या में आतंकी हमले के समय प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। संकट मोचन मंदिर, अयोध्या–वाराणसी व लखनऊ कचहरियों पर हमले के समय भी यह लोग सरकार में थे। अखिलेश यादव रामभक्तों पर गोली चलाने का समर्थन करते हैं तो दूसरी तरफ आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेते हैं। हम नारा लगाते थे कि रामलला हम आएंगे और मंदिर वहीं बनाएंगे तो सपा वाले हंसकर कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। नई अयोध्या भगवान राम के समय की लग रही है। चुनाव में एक तरफ रामभक्त–राष्ट्रभक्त की धारा है तो दूसरी धारा रामद्रोहियों की है, जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के साथ गद्दारी करते हैं।

## पर्यावरण सुरक्षा, पंछियों को दाना पानी विषयों पर जागरूकता अभियान

प्रयागराज। सांपों के संरक्षण जहरीले सांपों की पहचान, सांप के काटने पर सुरक्षा के उपाय, गौरैया के घोंसले, पौधारोपण इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर कंपनी बाग में जगजागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एसके यादव, विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर एन बी सिंह जिन्होंने अब तक लगभग 1500 सांपों को पकड़ा है स्नेक मैन चंद्रशेखर आजाद पार्क कंपनी बाग के उद्यान अधीक्षक उत्तम जी, गौ रक्षा संरक्षण के अध्यक्ष सूर्य यादव, अशोक जैन और व्यापार मंडल के अध्यक्ष समाजसेवी लालू मित्तल ने अपने–अपने विचार रखे। उन्होंने नगर वासियों कोजागरूक करने के लिएअनूठा अभियान चलाया।अपने संबोधन में लालू मित्तल ने जहरीले सांपों की पहचान सांप के काटने पर उपचारपर अपनी जिज्ञासा प्रकट की एवं प्रार्थना अपील की।

## फूलपुर में उमड़े जन सैलाब को भाजपा नहीं पचा पाई– अमर नाथ मौर्य

प्रयागराज। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के पड़िला में गठबंधन के प्रत्याशी अमर नाथ सिंह मौर्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में उमड़े जन सैलाब को भाजपा पचा नहीं पाई। जनता जोश में बेकाबू हो गई जिसे प्रशासन संभाल नहीं पाया। उक्त बातें आज सपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने कहीं। चुनाव प्रभारी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादव एवं राहुल गाँधी को सुनने के लिए लाखों की संख्या में जुटे बेरोजगारों, किसानों, महंगाई से परेशान आम जन में भाजपा सरकार के खिलाफ बहुत आक्रोश है। आज यह फूलपुर की जनसभा में देखने को मिला। सपा नेताओं ने यह भी कहा कि थोड़ी ही दूर पर मुख्यमंत्री की सभा में भीड़ न होने के बाद भी हजारों की संख्या में पुलिस तैनात थी जबकि राष्ट्रीय स्तर के नेताओं अखिलेश यादव एवं राहुल गाँधी की जनसभा में लाखों की भीड़ के बाद भी गिनती के पुलिस वाले तैनात रहे। विपक्ष के नेताओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना भाजपा सरकार को महंगा पड़ेगा।जनता इसका जवाब आने वाले 25मई को जरूर देगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, डॉ मान सिंह, अमरनाथ मौर्य, दान बहादुर मधुर आदि नेता उपस्थित रहे।

# बेहाल: न बिल सही हो रहे, न कनेक्शन काट रहे

## –लोग बोले कई गुना अधिक आ रहे बिल, सही करने के नाम पर रिश्वत मांग रहे

मथुरा(आरएनएस)। चौमुहां विद्युत सब स्टेशन राम भरोसे चल रहा है। सैकड़ों लोग यहां बिजली घर के चक्कर काटते काटते थक चुके हैं। मगर उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि यहां लाइनमैन से लेकर अधिकारी तक किसी आफत से कम नहीं हैं। गिर्राज सिंह ने बताया कि उनका बिल सालों से गलत आ रहा है। बिजलीघर के चक्कर काट काट कर थक गए हैं। मगर कोई समाधान नहीं हुआ है। दुकान का बिल चार हजार रुपये और घर का बिल तीन हजार रुपये आ रहा है। जबकि उनके आस पास के दुकानदारों और घरों का बिल बहुत कम आ रहा है। जैविक उपकरण और उपयोगिता एक जैसी ही है। मालती देवी कहती है उनके पिता ओमप्रकाश एक दो पंखे व लाइट जलाते हैं। मगर बिल दस हजार रुपये का आने लगा था। कई घर और भी ऐसे हैं जिनका खर्चा बहुत कम है बिल कई गुनाज्यादा आता है। जब उसको सही कराने जाते हैं तो कर्मचारी खुलकर सुविधा शुल्क मांगते हैं। बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं करना चाहते हैं। परेशान होकर हुकुम चंद शर्मा ने तो अपना कनेक्शन कटवाने की ठान ली है। उन्होने बताया कि सबसे पहले चौमुहां में 1973 में बिजली आई थी। तभी उनके पिता नत्थी लाल ने कनेक्शन कराया था। फिर उन्होंने अपने नाम करवा लिया था। मगर सालों से विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मनमानी झेलते आ रहे हैं। मगर अब इस हद तक परेशान हो चुके हैं। अपना कनेक्शन कटवाने का प्रार्थना पत्र दे दिया है। बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। लोड भी अपने हिसाब से बढाते रहते हैं। वो भारी तनाव में हैं। उन्होने मुख्यमंत्री, डीएम, एक्सईन आदि को पत्र भेजकर यहां के कर्मचारियों पर जांच करवाकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# काले कारनामों से भरा पड़ा है सपा का इतिहास: योगी

## मढ़ा आरोप: हिंदुओं को तबाह करना चाहती है कांग्रेस व सपा

## रामभक्तों पर गोली चलाने का समर्थन तो आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेते हैं अखिलेश यादव–योगी

## प्रयागराज में अब तक हुए विकास कार्य सिर्फ झलक, हम इससे बड़ी योजना लेकर आने वाले हैं: सीएम

प्रयागराज(आरएनएस)। संगम नगरी प्रयागराज भी अब सुरक्षित है। आप बिल्कुल सही दिशा में बढ़ रहे हैं। आमजन, बेटी–व्यापारी, दलित–पिछड़ों की सुरक्षा में जो खतरा थे, वे सब स्वाहा यानी मिट्टी में मिल गए हैं। इससे प्रदेश और देश खुश है, लेकिन सपा के यहां मातम है। उन्हें आपकी, प्रदेश, बेटी–व्यापारी की नहीं, बल्कि अपनी राजनीति की चिंता थी। देश की कीमत पर कांग्रेस व सपा के लोग राजनीति करना चाहते हैं। सपा का इतिहास काले कारनामों से भरा पड़ा है। यह लोग लगातार अराजकता का तांडव और गुंडागर्दी करते थे। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोरांव, प्रयागराज गंगापार में आयोजित जनसभा में फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि फूलपुर इतिहास बनाने वाली धरती है। फूलपुर ने उत्थान और पतन का साक्षात अनुभव किया है। प्रवीण पटेल युवा व जुझारू विधायक हैं, इसलिए भाजपा ने इन्हें सांसद प्रत्याशी के रूप में उतारा है। उन्हें इस ऐतिहासिक सीट से जिताइए।

# व्यक्तित्व विकास की कुंजी है रंगमंच– कल्पना सहाय

प्रयागराज(आरएनएस)। विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित 14 दिवसीय ष्ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशालाष का समापन महाराष्ट्र लोक सेवा मण्डल, अलोपीबाग के प्रांगण में रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना सहाय ने, जो स्वयं एक वरिष्ठ रंगकर्मी हैं तथा उत्तर मध्य क्षेत्र, सांस्कृतिक केंद्र की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी हैं ने संस्थान के कार्यक्रमों की प्रशंसा की और कहा कि रंगमंच व्यक्तित्व विकास की कुंजी है।मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये।यह कार्यशाला डॉ. मुकेश उपाध्याय सहायक प्रोफेसर, परफॉर्मिंग आर्ट्स, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़, श्री अरुण श्रीवास्तव शोधकर्ता, रंगमंच कला, नाट्य विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, एवं मंच रंगदीपन विशेषज्ञ श्री सुजॉय घोषाल के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हुई। यह कार्यशाला निःशुल्क आयोजित की गयी अतः प्रतिभागियों से किसी भी तरह का आवेदन शुल्क नही लिया गया।

इस 14 दिवसीय कार्यशाला में युवाओं को पश्चिमी रंगमंच, प्रकाश परिकल्पना, दृश्य काव्य, नाट्यशास्त्र के अनुसार अभिनय, प्राचीन एवं आधुनिक भारतीय रंगमंच, पश्चिमी परिप्रेक्ष्य से अभिनय प्रशिक्षण पद्धतियों स्टैनिस्लावस्की, चेखव, मीसनर, जूलिया कैमरून व यूजेनियो बारबा के कार्य पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा योग व रंगमंचीय खेल अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर संस्था के उपाध्यक्ष अजय मुखर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी संस्था के सचिव आलोक रस्तोगी ने दी।

# राज्य महिला क्रिकेट के लिए एसीए की टीम घोषित

प्रयागराज। कानपुर के कमला क्लब में होने वाली दूसरी गौर हरि सिंघानिया राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) की टीम घोषित कर दी गई है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा के अनुसार टीम इस प्रकार है।शालिनी सिंह (कप्तान), काजल चौरसिया (विकेटकीपर) अंशिका अस्ताना, सृष्टि, हंसी सिंह, खुशी सिंह (प्रथम), शिवानी मौर्या, अनुष्का यादव, संजना पटेल, कात्यायनी पाठक, अरसला शकील, भार्गवी पाण्डेय, खुशी सिंह (द्वितीय), प्रीति यादव, भावी सिंह पटेल। मैनेजर–शेफाली साहू। टीम रविवार शाम रवाना हो गई। टीम का पहला मैच 20 मई को कानपुर रेड से होगा।

# आशीष नेहरा क्लब और कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट विजयी

प्रयागराज। आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब और कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट क्लब ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर रविकांत अंडर–16 समर लीग क्रिकेट में पूरे अंक प्राप्त किये। डीपीएस मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब को 25 ओवर में 81 रन (युवराज सिंह 27, ऋतुराज यादव, यश जायसवाल, मल्लिकार्जुन द्विवेदी व आयुष द्विवेदी दो–दो विकेट) बनाये। जवाब में आशीष नेहरा क्लब ने 14.2 ओवर में 4 विकेट पर 84 रन (अभ्युदय प्रताप सिंह 24, भास्कर वर्धन 2੪14, अक्षत केसरवानी 2੪21) बना लिए। मैच में नितिन मिश्र व तौसीफ शेख अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।केपी कॉलेज मैदान पर विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 21 ओवर में 91 रन (आयुष यादव 35, अथर्व यादव 31, सिद्धार्थ पटेल 4੪24, आदर्श पाण्डेय 3੪17, मोहम्मद महरूफ 2੪25) पर समेटकर कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट क्लब ने 19.3 ओवर में 5 विकेट पर 92 रन (अथर्व शुक्ला 40, रवि यादव 20, आर्यन प्रजापति 2੪25) बना लिए। मैच में राहुल सिंह व मोहम्मद आरिफ अंपायर एवं हितेश श्रीवास्तव स्कोरर रहे।

## तीन किमी दूर भर कर लाते हैं पीने का पानी

### –नव विकसित कॉलोनियों में अच्छे नहीं हैं हालात

मथुरा(आरएनएस)। मेहनत मजदूरी कर किसी तरह अपने लिए सस्ते मद्दे प्लाट खरीद कर कुछ एक कमरों का मकान बना लेना भी किसी मजदूर के लिए सपने के साकार होने से कम नहीं है। लेकिन नव विकसित कॉलोनियों में इसके बाद भी जीवन की राह आसान नहीं है। यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं है और अगर कुछ है भी तो बेतरतीब है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।